भाद्रपद शुक्ल पक्ष-4, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 166 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
01 दिसंबर 2023 शुक्रवार

**आज का मौसम**
22 अधिकतम
17 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

### मप्र में भाजपा नेताओं की बॉडी लैंग्वेज बदली, कांग्रेस अपने कॉडर में विश्वास जगाने में जुटी

# एग्जिट पोल ने बढ़ा दिया सस्पेंस मावठे के बीच घुली सियासी गर्मी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

एग्जिट पोल के नतीजे सामने आने के बाद मप्र में सियासी सरगर्मी उफान पर है। बारिश व मावठे के ठंडे दौर में इन नतीजों ने गर्माहट पैदा कर दी है। हालांकि मप्र को लेकर जो गणना सामने आई है,उससे सस्पेंस बन गया है।

अधिकांश लोग इन नतीजों को लेकर भ्रमित भी नजर आ रहे हैं और इसीलिये अब 3 दिसंबर को मतगणना की तारीख बहुत अहम हो गई है। भाजपा ने इन नतीजों पर सधी प्रतिक्रिया दी है और लाडली बहना को गेमचेंजर बताया है। वहीं कांग्रेस ने अपने कार्यकर्ताओं को संदेश भेजा है कि इन नतीजों से भ्रमित न हों तथा पूरी ताकत से मतगणना के दिन जुटे रहें। गौरतलब है कि ज्यादातर एक्जिट पोल में भाजपा मजबूत दिख रही है। उसे स्पष्ट बढ़त मिलती दिखाई गई है। अब दोनों दल मत प्रतिशत व सीटों पर हार जीत का गणित लगा रहे है।

## मतों के प्रतिशत व सीटों पर शुरू गुणा भाग



**सीएम शिवराज सिंह चौहान** ने कहा कि मोदी, शाह, नड्डा की कामयाब रणनीति व जनता के आर्शीवाद से हम बहुमत पाने जा रहे है। उन्होंने कहा कि जो कह रहे थे कि 'कांटे की टक्कर, 'लाडली बहनों ने सारे कांटे निकाल दिये। हम जहां भी गए, महिलाएं स्वागत व समर्थन किया।

दूसरी तरफ वरिष्ठ **कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह** ने कहा कि उनकी पार्टी को 130 से ज्यादा सीटें मिलेंगी। क्योंकि एग्जिट पोल के नतीजे बहुत अलग हैं। हम इसके बारे में कुछ नहीं कह सकते। सिंह ने कहा कि मैं आश्वस्त कर सकता हूं कि कांग्रेस को मध्य प्रदेश में 130 से अधिक सीटें मिलेंगी,क्योंकि लोग परिवर्तन चाहते हैं।

मप्र के **गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा** ने तो एग्जिट पोल में बीजेपी की भारी जीत का श्रेय 'मोदी का चेहरा और शिवराज के काम' को दिया।उन्होंने कहा कि चुनाव मोदी के चेहरे पर लड़ा गया।

**पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ** ने कहा कि जनता मध्य प्रदेश में कांग्रेस सरकार पर मुहर लगाने के लिए तैयार है। भाजपा की जीत की भविष्यवाणी करने वाले अधिकांश एग्जिट पोल से कांग्रेस कार्यकर्ताप्रभावित न हों। क्योंकि देश टेलीविजन से नहीं, बल्कि विजन से चलता है।

### यह रहे हैं निष्कर्ष

- **'न्यूज 24-टुडेज चाणक्या'** के एग्जिट पोल के मुताबिक, मध्य प्रदेश में भाजपा को 45 प्रतिशत मतों के साथ 151 सीटें मिल सकती हैं तो भाजपा को 38 प्रतिशत मतों के साथ 74 सीटों से संतोष करना पड़ सकता है।
- **'इंडिया टीवी-सीएनएक्स'** के एग्जिट पोल में मध्य प्रदेश में कांटे का मुकाबले का अनुमान लगाया गया है, लेकिन बीजेपी को बढ़त दिखाई गई है। इसके अनुसार, भाजपा को 116 तो कांग्रेस को 111 सीटें मिल सकती हैं।
- **'रिपब्लिक-मैट्रिज'** के एग्जिट पोल में मध्य प्रदेश में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलने का अनुमान लगाया गया है। इसके मुताबिक, भाजपा को 118-130 सीटें मिल सकती हैं तो कांग्रेस को 97 से 107 सीटें हासिल हो सकती हैं।
- **'टीवी9-पोलस्ट्रेट'** के एग्जिट पोल में मध्य प्रदेश में कांग्रेस को निर्णायक बढ़त मिलने का अनुमान लगाया गया है। इसके मुताबिक, कांग्रेस को 230 सदस्यीय विधानसभा में 111-121 सीटें मिल सकती हैं तो भाजपा के खाते में 106-116 सीटें जा सकती हैं।

### अन्य राज्यों में भी है अलग आंकड़े

*ज्यादातर एग्जिट पोल में राजस्थान और मध्य प्रदेश में भाजपा को बढ़त का अनुमान लगाया गया है। तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को बढ़त मिलती दिख रही है। कांग्रेस राजस्थान और छत्तीसगढ़ में इस वक्त सत्ता में है, जबकि भाजपा मप्र में सरकार में है।दरअसल विपक्ष के इंडिया गठबंधन के लिए भी पांच राज्यों के चुनावी नतीजे बेहद अहम साबित होने वाले हैं। एग्जिट पोल से चुनाव नतीजों और 2024 के महत्वपूर्ण आम चुनाव पर इसके प्रभाव के संकेत मिलने की संभावना है। इसे लोकसभा चुनाव से पहले सेमीफाइनल मुकाबला माना जा रहा है।*

## आज नड्डा से शिवराज की मुलाकात होगी

एग्जिट पोल परिणामों के बाद आज सीएम शिवराज सिंह चौहान व भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बीच दतिया में मुलाकात होगी। नड्डा शाम साढे पांच बजे बजे दतिया पहुंचेंगे। वे भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भी बैठक करेंगे। नड्डा के साथ गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा भी मौजूद रहेंगे। शिवराज व नड्डा पीतांबरा शक्तिपीठ के दर्शन भी करेंगे। वहीं भाजपा नेता व पूर्व **सीएम उमा भारती** ने कहा- 'वे भविष्यवाणी करते हैं कि एक पार्टी 112 से 130 सीटें (मध्य प्रदेश की 230 सीटों में से) के बीच जीतेगी। अब, अगर उस पार्टी को 112 सीटें मिलती हैं और चुनाव हार जाती है, तो एग्जिट पोल करने वालों का दावा है कि वे सही साबित हुए हैं, उन्होंने कहा, 'इसलिए एग्जिट पोल एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, मैं उन पर भरोसा नहीं करती। बिहार में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनता दल की सरकार बनने के बारे में एग्जिट पोल की भविष्यवाणी गलत साबित हुई थी।

### एग्जिट पोल के बारे में कुछ खास

- एग्जिट पोल की शुरुआत नीदरलैंड के समाजशास्त्री और पूर्व राजनेता मार्सेल वॉन डैम ने की थी। डैम ने पहली बार 15 फरवरी 1967 को इसका इस्तेमाल किया था। उस समय नीदरलैंड में हुए चुनाव में उनका आकलन बिल्कुल सटीक रहा।
- भारत में एग्जिट पोल की शुरुआत इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ पब्लिक ओपिनियन (आईआईपीयू) के प्रमुख एरिक डी कोस्टा ने की थी।
- 1996 में एग्जिट पोल सबसे अधिक चर्चा आए। उस समय दूरदर्शन ने सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसायटीज (सीएसडीएस) को देशभर में एग्जिट पोल कराने के लिए अनुमति दी थी।
- 1998 में पहली बार टीवी पर एग्जिट पोल का प्रसारण किया गया।

### ये एजेंसी और चैनल कराते हैं सर्वे

- **टुडे चाणक्य,एबीपी-सी वोटर,न्यूजएक्स-नेता,रिपब्लिक-जन की बात, सीएसडीएस, न्यूज18-आईपीएसओएस, इंडिया टुडे-एक्सिस माय इंडिया,टाइम्स नाउ-सीएनएक्स।**

## नया महीना,नया बोझ सिलेंडर महंगा हुआ

**नई दिल्ली एजेंसी।** हर बार की तरह महीने के पहले दिन फिर कई बदलाव सामने आ गये हैं। पेट्रोलियम कंपिनयों ने




एलपीजी के दामों में बड़ा बदलाव करते हुए लोगों को झटका दिया है। राजधानी दिल्ली से लेकर मुंबई तक 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 21 रुपये तक बढ़ गई है। इससे पहले नवंबर की पहली तारीख को तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में इजाफा किया था, जबकि छठ से पहले 16 नवंबर को इसकी कीमत घटाई गई थी। हालांकि, देश में 14 किलोग्राम वाले रसोई गैस सिलेंडर की कीमतें अगस्त महीने से स्थिर हैं।

- **दूसरा बदलाव -ओपीओ के नियम बदले:** शेयर बाजार में पैसा लगाने वालों के लिये आईपीओ में निवेश का प्लान बदला है। आज से मार्केट रेग्युलेटर सेबी ने आईपीओ में पैसा लगाने के नए नियम लागू कर दिए हैं, जिसके मुताबिक अब शेयर अलॉटमेंट के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा। कम समय में ही शेयर डीमैट खाते में जुड़ जाएंगे। आईपीओ की लिस्टिंग के लिए भी लंबे समय का इंतजार नहीं करना होगा।
- **बैंकों पर लगेगा जुर्माना:** 1 दिसंबर यानि आज से तीसरे बड़े बदलाव के तहत बैंकों के लिए झटका है। दरअसल, केंद्रीय बैंक ने किसी भी ग्राहक द्वारा लोन का पूरा पेमेंट किए जाने के बाद गारंटी के एवज में रखे गए डॉक्युमेंट्स को समय पर वापस ना करने की स्थिति में बैंकों पर जुर्माना लगाने का प्रावधान किया है।
- **सिम खरीद के लिए केवाईसी:** नया सिम खरीदने के लिए अब कोई भी दुकानदार पूरी केवाईसी के बिना किसी भी ग्राहक को सिम नहीं बेच पाएगा। नियमों को दरकिनार करने पर 10 लाख तक जुर्माना व जेल भी हो सकती है।
- **18 दिन नहीं खुलेंगे बैंक:** दिसंबर महीने में छुटियों की भी भरमार है। इस महीने बैंक 18 दिनों के लिए बंद रहने वाले हैं। दिसंबर कैलेंडर के मुताबिक, त्योहारों और आयोजनों को लेकर अलग-अलग राज्यों में 11 दिन छुट्टियां रहने वाली हैं. 7 दिन रविवार शनिवार के अवकाश हैं।

### इधर शुभ कार्य 16 से बंद

इस महीने हिंदुओं के लिए खास महत्व रखने वाले कालभैरव के पूजन का अवसर आएगा। साथ ही युद्ध के मैदान में भगवान कृष्ण के मुख से गीता के अवतरण दिन मोक्षदा एकदशी भी होगी। महीने के अंतिम सप्ताह में मठ-मंदिर और आश्रमों में दत्त जयंती का तो गिरजाघरों में क्रिसमस का उल्लास छाएगा। खरीदी के अंतिम महामुहूर्त गुरु-पुष्य का संयोग भी बनेगा। 16 दिसंबर को सूर्यदेव धनु राशि में प्रवेश करेंगे और मांगलिक कार्यों पर एक माह के खरमास के तहत विराम लगेगा। तब तक मांगलिक कार्य के लिये 5, 6, 7, 8, 9, 11 और 15 दिसंबर को मुहुर्त है। इसके अतिरिक्त वर्ष के अंतिम खरीदी का महामुहूर्त गुरु पुष्य योग भी 28 दिसंबर को बनेगा।

### दुबई में बोले मोदी

## जलवायु परिवर्तन से लड़ाई में हितों से समझौता न हो

**दुबई , एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जलवायु सम्मेलन कॉप 28 में हिस्सा लेने दुबई पहुंचे हैं। दुबई के स्थानीय अखबार एतिहाद से बातचीत में मोदी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ मजबूत वैश्विक सहयोग की जरूरत है। यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में ग्लोबल साउथ (वैश्विक दक्षिण) के देशों के हितों से समझौता नहीं होना चाहिए।

मोदी ने ये भी कहा कि भारत अकेला ऐसा देश है जिसने नेशनल डिटरमाइंड कॉन्ट्रिब्यूशन के लक्ष्य को पूरा किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'वह हमेशा कहते हैं कि जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक चुनौती है और इसके खिलाफ पूरी दुनिया को एकजुट होना पड़ेगा। यह जरूरी है कि विकासशील



देशों को समस्या पैदा करने वाले देश नहीं माना जाना चाहिए। विकासशील देश भी समस्या को सुलझाने में योगदान करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें वित्तीय और तकनीकी मदद दिए बिना यह संभव नहीं है। यही वजह है कि मैंने हमेशा इस बात की वकालत की है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वित्तीय और तकनीक के ट्रांसफर के लिए वैश्विक सहयोग बेहद जरूरी है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भारत ने इस दिशा में कई कदम उठाए हैं

### मप्र के कई जिलों में हो रही मावठे की बारिश

## मावठे से किसानों को फायदा, लेकिन छोटी फसल वालों को नुकसान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश भर में मावठे की बारिश का दौर जारी है। इस बारिश से जहां किसानों को फायदा हो रहा है तो नुकसान भी हो रहा है। जिन किसानों ने पहले बोवनी कर दी थी उनकी फसलें बड़ी हो चुकी है जिन्हें फायदा है लेकिन जो किसान अभी बोवनी कर रहे हैं और उसके तुरंत बाद तेज बारिश हो रही है उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है। फसल अंकुरित नहीं हो रही है या जो अंकुरित छोटी फसल है वह तेज बारिश वाले क्षेत्रों में जमीन में दब रही है। पहले ही खाद संकट से जूझ रहे किसान इस समस्या से परेशान है। हालांकि प्रदेश भर में जिन किसानों ने बोवनी नहीं की थी



**इन फसलों को भी नुकसान:** तेज बारिश के कारण मटर की फसलों को नुकसान हो रहा है। मसूर की फसलें भी प्रभावित हो रही हैं।

या जिनके पास पानी कम था वे मावठे की बारिश से फायदे में आ गए हैं। वहीं देरी से बोवनी करने वाले जिन किसानों को जमीन तैयार करने के लिए पलेवे की जरूरत पड़ रही थी उन्हें भी पलेवा नहीं करना पड़ रहा है क्योंकि इतनी बारिश हो चुकी है कि जमीन तैयार की जा सके। किसानों का कहना है कि बारिश से बहुत फायदा हुआ है लेकिन यह फायदा उन्हीं किसानों को हो रहा है जिन्होंने पूर्व में बोवनी कर दी थी। अभी भी नर्मदापुरम में कई किसानों ने बोवनी नहीं की है क्योंकि खाद समय पर नहीं मिला। अब बोवनी कर रहे है, इसी बीच बारिश हो रही है, जो नुकसान पहुंचा रही है।

**मेट्रो एंकर**

### पटरियों पर मारे जा चुके हैं दो सौ हाथी

## हाथियों की जान बचाएगा रेल्वे का गजराज!

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

ट्रेनों की टक्कर से हाथियों की मौतों को रोकने के लिए रेलवे अब 'गजराज' नाम की नई तकनीक पर काम में जुटा है। दावा है कि इस स्वदेशी तकनीक के माध्यम से ट्रेनों से हाथियों के टक्कर लगने से होने वाली मौतों को 99 फीसदी से भी अधिक मामलों में रोका जा सकेगा। खास बात यह है कि हाल में इसका असम के कई एलीफेंट प्रोन रेलवे रूट पर पायलट प्रोजेक्ट के तहत ट्रायल हुआ है जो उत्सावर्धक है। अब इस तकनीक को देशभर में उन तमाम रेलवे ट्रैक के आसपास लगाया जाएगा, जहां-जहां रेलवे लाइनों पर हाथियों के आने का अधिक खतरा बना रहता है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का कहना है कि सात-आठ महीनों में देश के तमाम उन रेलवे लाइनों पर इस सिस्टम को लगा दिया जाएगा जहां रेलवे लाइनों पर हाथियों के आने का खतरा है।

फिलहाल आंकड़ों पर गौर किया जाए तो देश में 2012 से 2022 तक ट्रेनों की टक्कर से करीब 200 हाथियों की मौतें हुई। इनमें सबसे अधिक 55 हाथी पश्चिम बंगाल में मारे गए। दूसरे नंबर पर असम में 33 हाथी मरे। इसके अलावा 14 हाथी उड़ीसा, नौ उत्तराखंड में और अन्य राज्यों में भी ट्रेनों से टक्कर लगने से हाथियों की मौतें हुई। रिपोर्टस के मुताबिक हाथियों की इन्हीं मौतों को रोकने के लिए रेलवे ने पिछले दिनों नॉर्थ-ईस्टर्न फ्रंटियर इलाके में असम में न्यू अलीपुरद्वार और लामडिंग जंक्शन रेलवे रूट पर इसका पायलट रन किया गया है। असम में इस सिस्टम को लगा दिया गया है। जहां हाथी अधिक रहते हैं उनमें पश्चिम बंगाल और असम के अलावा, उड़ीसा, केरल, झारखंड, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडू समेत अन्य वह तमाम राज्य शामिल हैं। उत्तराखंड के राजाजी पार्क इलाके में भी इस सिस्टम को लगाया जाएगा।



हाथियों की आहट भांपता है नया सिस्टम

बताया जाता है कि इंट्रूयशन डिटेक्शन सिस्टम में ऑप्टिकल फायबर के जरिए हाथियों के पैर रखने की धमक का पता लगाया जाता है। जमीन के अंदर पड़ी इन केबिल पर जब भी एक निश्चित वजन से अधिक की प्रेशर वेव जाती है तो यह तुरंत समझ जाती हैं कि कोई भारी चीज उपर से गुजरी है। इसमें हाथी हो या फिर इसी तरह से अन्य वजन का कोई और जानवर या अन्य कुछ चीज। यह सिस्टम हाथी के रेलवे लाइन से 200 मीटर की दूरी पर रहने के दौरान ही पता लगते ही तुरंत कंट्रोल रूम को सूचना भेजता है। फिर लाइन पर उस समय गुजरती ट्रेन के लोको पायलट को वायरलेस या मोबाइल फोन सिस्टम के जरिए तुरंत सूचित कर हाथी के बारे में बताया जाता है। इससे पायलट ट्रेन की स्पीड कम कर लेता है और हाथी की जान बच जाती है। लोको पायलट को लगता है कि धीमी स्पीड से ट्रेन निकाली जा सकती है तो वह निकालता है और अगर हाथी रेलवे लाइन पार कर रहे हैं तो वह ट्रेन को रोक लेता है।

# राजधानी में बारिश का दौर जारी, तेजी से लुढ़का पारा





भोपाल। दिसंबर के पहले दिन आज राजधानी में सीजन का पहला सबसे घना कोहरा छाया रहा। सुबह ढाई घंटे कोहरे से ढंकी रही। सुबह 7 से 9.30 बजे तक विजिबिलिटी सिर्फ 50 मीटर रही. जब कोहरा छाया था तब 500 फीट ऊंचे बादलों से बारिश भी हुई। जिसके चलते लोगों ने आग का सहारा भी लिया।

### अब तक हजारों कोचों को पटरी पर दौड़ने योग्य बनाया

# पुराने कोचों को दक्ष बना रहा भोपाल का रेल कारखाना

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

निशातपुरा का रेल कारखाना और यहां काम करने वाले रेल कर्मी पुराने हो चुके कोचों को दक्ष बनाकर दोबारा पटरी पर दौड़ने योग्य बनाने के काम में जुटे हैं। अब तक रेल कर्मी हजारों कोचों को दक्ष बना चुके हैं, जो दूसरे रेल मंडलों में दौड़ रहे हैं। भारतीय रेलवे को इससे काफी लाभ हुआ है।

उल्लेखनीय है कि रेलवे तेजी से यात्री ट्रेनों में एलएचबी कोचों का उपयोग कर रहा है। जिसके कारण पुरानी डिजाइन के आईसीएफ कोच यात्री सेवा चलन से बाहर हो रहे है। ये ऐसे कोच हैं जो आगे भी पटरी पर दौड़ सकते हैं लेकिन रेलवे इनका उपयोग इसलिए नहीं कर रहा है, क्योंकि यात्री ट्रेनों की गति बढ़ानी है। रेलवे के अधिकारियों का दावा है कि एलएचबी कोचों को लगाने से ट्रेनों की गति में सुधार होता है इसलिए पुराने कोचों को हटाया जा रहा है।

ऐसे कोचों को रेलवे माल ढुलाई में उपयोग कर रहा है लेकिन ये काम सीधे नहीं किया जा सकता, क्योंकि ये कोच यात्रियों के बैठने के अनुरूप है इसलिए इनकी अंदरूनी डिजाइन में बदलाव करना पड़ता है। यह काम भोपाल के निशातपुरा में स्थित रेल कारखाने में किया जा रहा है।

कोरोना महामारी के पहले ही यह काम शुरू हो गया था। अब तक 1500 से अधिक कोचों को माल ढुलाई योग्य बनाया जा चुका है। रेल कारखाना प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि यह काम निरंतर जारी रहेगा।



### इन कामों में भी आई गति

मेमू कोचों को ठीक करने का काम किया जाना है, इस काम में गति आ रही है तो वहीं एलएचबी कोचों का रख–रखाव भी शुरू कर दिया था इसमें और सुधार आया है। पहले इन कोचों के मेंटेनेंस के लिए दूसरे कारखानों पर निर्भर रहना पड़ता था।



# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय-2 में पॉटरी मेकिंग कार्यशाला





### बच्चों ने दिखाया हुनर, मिट्टी से तैयार की शिवलिंग, हाथी, केतली जैसी कई कलाकृतियां

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कौशल विकास के अंतर्गत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय-2 में पॉटरी मेकिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। भारत भवन के सिरेमिक स्टूडियो से कलाकार के रूप में जुड़े जे डी मानिकपुरी और विद्यालय के कला शिक्षक अशोक वर्मा ने बच्चों को मिट्टी से कलाकृतियां तैयार करने की बारीकियां बताई। नन्हें हाथों ने गीली मिट्टी को पैन स्टैंड, शिवलिंग, हाथी, स्नो मैन, कछुआ, टी कप, केतली, दीपक, गुलदस्ते इत्यादि का आकार दिया।

**10 दिन बिना बैग के स्कूल पहुंचेगे बच्चे:** प्राचार्य पवन कुमार बेदुये ने बताया कि विद्यार्थियों में कौशल विकास के लिए 10 दिन बैग लैस के होंगे। यानि इन 10 दिनों तक बच्चे बिना बैग के स्कूल पहुंचेगे। इन दिनों में विभिन्न कार्यशालाओं और गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के अंदर सृजनात्मक कौशलों को विकसित किया जाएगा।

**छात्राओं के लिए विशेष सत्र:** केंद्रीय विद्यालय में सानिध्य नामक एनजीओ के साथ मिलकर छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूक बनाने के लिए विशेष सेमिनार का भी आयोजन किया गया। आरंभ में प्राचार्य बेदुये और एनजीओ की सीईओ ऋतु शर्मा ने छात्राओं को माहवारी से जुड़े भ्रम और रू?ियों के बारे में बेझिझक प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित किया।

# पांच पुलिसकर्मियों को विदाई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पुलिस मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं से सेवानिवृत्त पांच कर्मचारियों को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव, योगेश मुद्गल तथा आदर्श कटियार ने भावभीनी विदाई दी। वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी को प्लांट एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए। विदाई समारोह में अन्य पुलिस अधिकारी सहित कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित थे। पुलिस मुख्यालय से सेवानिवृत्त सूबेदार महिला सुरक्षा शाखा राजेन्द्र प्रसाद कलौंदिया, उप निरीक्षक प्रकाश पुरोहित, सहायक उप निरीक्षक विरेन्द्र सिंह, कैलाश पटेल तथा श्रीनिवास तिवारी को पुलिस मुख्यालय परिवार ने विदाई दी।।



# वाहन की टक्कर से चौकीदार हुआ घायल, सिर में लगी चोट, हमीदिया अस्पताल भेजा

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर के सीहोर नाका स्थित एक बोलेरो वाहन ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिसमें उसके सिर में चोट आई। घायल अवस्था में उसे बैरागढ़ के सिविल अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 04 जेडएफ 7992 भोपाल से सीहोर की ओर जा रहा था। रेड क्रॉस करते हुए मुकेश भमट उम्र 30 साल वाहन की चपेट में आ गया, जिससे उसके सिर में चोट आई है।

कॉरिडोर में घुसने वालों पर निगरानी रखने के लिए तैनात पुलिस ने वाहन को रोक लिया। घायल अवस्था में मुकेश को सिविल अस्पताल भेजा। यहां से डॉक्टर ने उसे हमीदिया अस्पताल भेज दिया है। डॉक्टर ने बताया कि सिर में चोट लगने के कारण इसका इलाज हमीदिया में होगा। इधर वाहन चालक को चैकिंग कर रही पुलिस ने बैरागढ़ थाने को सुपुर्द कर दिया।




**मेट्रो एंकर** | भोपाल से दमकलों को बुलाया, जिन्होंने आग पर काबू पाया

# दाता कॉलोनी में हार्डवेयर शॉप में लगी आग

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

एयरपोर्ट रोड स्थित दाता कॉलोनी में एक हार्डवेयर की दुकान पर अचानक आग लग गई। आग की सूचना लगते ही बैरागढ़, गांधीनगर और भोपाल से दमकलों को बुलाया गया, जिन्होंने आग पर काबू पाया।

घटना बुधवार दोपहर एक बजे की है। अहिंसा हार्डवेयर पर लगी आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। इस दुकान के ऊपर मकान भी बना हुआ है आग इतनी भयंकर थी कि फर्स्ट फ्लोर आग की पूरी चपेट में आ गया। यहां पर रखा हुआ पूरा माल जलकर राख हो गया। आग कैसे लगी इसकी जांच की जा रही है। लाखों का नुकसान हुआ है, गनीमत रही कोई जनहानि नहीं हुई।



# संत कॉलेज में गॉर्जियन ट्यूटर मीट का आयोजन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में गॉर्जियन ट्यूटर मीट का आयोजन किया गया। चीफ कॉर्डिनेटर डॉ. सुनीला चौबे ने कॅरियर मार्गदर्शन प्रदान करने और गुरू और शिष्य के संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से पूरे कार्यक्रम का समन्वयन किया।

छात्राओं के लिए अतिथि व्याख्यान, कॅरियर-गाइडेंस कार्यक्रम, सामान्य ज्ञान तथा समसामयिक मुद्दों से संबंधित अन्य आयोजन भी कराए गए, जिसमें छात्राओं ने सकारात्मक भागीदारी दिखाई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने छात्राओं के सम्रग विकास के लिए कॉलेज की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए ऐसे आयोजन को महत्वपूर्ण बताया। मीट में छात्राओं ने महाविद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं एवं आयोजित गतिविधियों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।



## सभी जिले के अफसरों को समझाई बारीकियां

# काउंटिंग स्थल पर मोबाइल व केल्कुलेटर पर पहरा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने प्रदेश के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में 3 दिसम्बर को होने वाली मतगणना की व्यापक तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कांफ्रेस में इन अफसरों ने कहा कि मतगणना केन्द्र पर पासधारक ही प्रवेश कर सकेंगे। किसी भी अनाधिकृत और अवांछित व्यक्ति को मतगणना स्थल पर प्रवेश नहीं मिलेगा।



मतगणना केन्द्र में मोबाइल और कैलकुलेटर ले जाना प्रतिबंधित रहेगा, सिर्फ मतगणना कराने में तैनात मतगणनाकर्मी ही केलकुलेटर का उपयोग कर सकेंगे। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारियों से कहा कि मतगणना केन्द्र में सभी व्यवस्थाएँ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देशों के अनुरूप व्यवस्थित एवं चाक-चौबंद रहें। निर्वाचन से जुड़ी सभी सूचनाएं प्रेक्षकों, राजनीतिक दलों, अभ्यर्थियों, मीडिया और जनसामान्य को देते रहें, जिससे किसी भी प्रकार की असत्य या भ्रामक सूचनाएं प्रसारित न हों। किसी भी प्रकार की संवादहीनता की स्थिति नहीं रहनी चाहिए। उप निर्वाचन आयुक्त ने प्रदेश के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षकों से वन-टू-वन चर्चा कर जिले में मतगणना के लिये की गई तैयारियों की सिलसिलेवार समीक्षा की।

### पोस्टल बैलेट की गिनती में प्रक्रिया का पालन करने पर जोर

इस मौके पर कहा गया कि पोस्टल बैलेट की गिनती की पूरी प्रक्रिया में सारे नॉर्म्स एवं प्रोटोकॉल्स का अक्षरशः पालन करें। पोस्टल बैलेट की गिनती शुरू करने के आधा घंटा पश्चात ही ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ की जाए। ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना के लिये मतगणनाकर्मियों और माइक्रो ऑब्जवर्स को प्रशिक्षित करें। मतगणना स्थल की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर कमी न रहे। मतगणना केन्द्र में सीसीटीव्ही कैमरों की पर्याप्त व्यवस्था रहे। सभी जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि मतगणना के दिन रेन्डमाईजेशन से लेकर विजयी अभ्यर्थियों को निर्वाचन प्रमाण-पत्र वितरित किये जाने तक सम्पूर्ण मतगणना प्रक्रिया में पूरी तरह से निष्पक्षता व पारदर्शिता बनी रहे। मतगणना प्रक्रिया की शुद्धता पर कोई संदेह या गफलत नहीं होनी चाहिए।

## नई मुख्य सचिव की आमद और आखिरी कैबिनेट के बाद...

# मंत्रालय के गलियारों में नई उत्सुकताएं, *पुराने* की चर्चा

**भोपाल दोपहर मेट्रो।** मप्र में मुख्य सचिव के पद पर 'नयी नियुक्ति' के बाद प्रशासनिक गलियारों में अब यही उत्सुकता है कि अतिरिक्त प्रभार के रूप में पदस्थ वीरा राणा का कार्यकाल कितना होगा। माना जा रहा है कि अगले चार पांच दिन में नयी सरकार का ढांचा सामने आ जाएगा। राणा को आचार संहिता के चलते वरिष्ठता के आधार पर यह दायित्व दिया गया है। इसके पहले निवर्तमान मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस को विदाई व राणा के स्वागत के मौके पर कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाने के बाद बहनों के लिए कुछ करने की तड़प मन में थी। रात को निर्णय लिया और नर्मदा जयंती के अवसर पर सुबह लाड़ली बहना योजना की घोषणा कर दी। यह बात मुख्य सचिव को बताई और उन्होंने योजना को जमीन पर उतारने में दिन-रात एक कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्होंने तनाव, दबाव और प्रभाव में आए बिना काम किया। अपनी बात हमेशा तर्क के साथ रखते थे। एक अधिकारी वे होते हैं जो हम काम में मना करते हैं और दूसरे वे जो रास्ता निकालने में विश्वास करते हैं, बैंस दूसरी श्रेणी के ही अधिकारी हैं, मेरा उनका साथ लंबा है।

### बैंस का नया अंदाज नजर आया

इस मौके पर मुख्यसचिव इकबाल सिंह, बैंस का नया अंदाज भी सामने आया। अपने कार्यकाल के आखिरी दिन उन्होंने कहा कि यह एक पड़ाव है कोई अंत नहीं। वे काम करते रहेंगे और सक्रियता बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि मैं सेवानिवृत्त जरूर हो रहा हूं परंतु मैं आप सबके बीच ही हूं, क्योंकि आप सब ही मेरा परिवार हैं और परिवार कभी छूटते नहीं हैं, उनसे विदाई नहीं होती। बैंस ने कहा कि मेरी किसी बात से किसी को दुख पहुंचा हो तो माफी मांगता हूं।



### ये कहां आ गए हम, यूं ही साथ चलते-चलते

कैबिनेट बैठक में जब डॉ. नरोत्तम मिश्रा प्रदेश में विकास की यात्रा की उल्लेख कर रहे थे, तब लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव ने गाना गुनगुनाते हुए कहा कि ये कहां आ गए हम, यूं ही साथ चलते-चलते। इस पर कुछ मंत्रियों ने पूरा गाना गाने के लिए कहा तो वे बोले कि इतना ही आता है।

### आखिरी कैबिनेट में उपलब्धियों की याद

कैबिनेट की मौजूदा कार्यकाल की आखिरी बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सड़क, बिजली, पानी के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की गईं हैं। ग्लोबल स्किल पार्क, फ्लोटिंग सोलर प्लांट, मेट्रो रेल का भोपाल और इंदौर में ट्रायल रन, जनजातीय क्षेत्रों में पेसा एक्ट का क्रियान्वयन, महिला सशक्तीकरण की दिशा में किए गए कार्य विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। उन्होंने लाड़ली बहना, सीएम राइज स्कूल का विशेष तौर पर उल्लेख किया। वहीं, मुख्य सचिव की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने किसी भी योजना के लिए धन की कमी नहीं आने दी। जो भी कार्य सौंपा, उसका क्रियान्वयन समय सीमा में सुनिश्चित किया। इस मौके पर गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि हमने पौने चार वर्ष ऐतिहासिक काम किया। हमारे मुख्यमंत्री भी ऐतिहासिक हैं। इतने लंबे समय तक प्रदेश में कोई मुख्यमंत्री नहीं रहा। कोरोना काल के समय हम सरकार में आए थे। कठिन परिस्थितियों में मजदूरों की सेवा से लेकर अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं को उपलब्ध कराने में दिन-रात एक किए। गरीब कल्याण और लाडली बहना जैसी योजनाएं लेकर आए।

# राष्ट्रपति को गैस पीड़ितों का हस्ताक्षरित मांग पत्र सौंपने की तैयारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के लाखों गैस पीड़ितों की अधिकतम मुआवजा और न्याय से वंचित होने की बदहाल स्थिति के लिए केन्द्र और मध्य प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए भाकपा ने कड़ी भर्त्सना की है ।

पार्टी के राज्य सह सचिव कॉमरेड शैलेन्द्र शैली ने कहा है कि 2 व 3 दिसंबर की दरम्यानी रात 39 साल पहले यूनियन कार्बाइड में हुई जहरीली गैस के रिसाव से ग्रस्त 5.72 लाख गैस पीड़ित न्याय और अधिकतम मुआवजे से वंचित हैं। केन्द्र सरकार ने बेहद कम मुआवजे पर यूनियन कार्बाइड से समझौता किया था। समझौते के तहत यह तय हुआ था कि यदि मुआवजा राशि कम पड़ी तो इसकी पूर्ति केन्द्र सरकार करेगी । फिर केन्द्र सरकार दो दशक बाद सुप्रीम कोर्ट में गई लेकिन गैस पीड़ितों के पक्ष में तर्क संगत जानकारी और सही आंकड़े प्रस्तुत नहीं कर सकी। केन्द्र सरकार की लापरवाही के कारण सुप्रीम कोर्ट में क्यूरेटिव याचिका खारिज हो गई। शैली ने कहा है कि इस तरह केन्द्र सरकार की लापरवाही का खमियाजा भोपाल के लाखों गैस पीड़ितों को भुगतना पड़ रहा है। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की है कि केन्द्र सरकार को ही भोपाल के सभी गैस पीड़ितों को अधिकतम मुआवजा देना चाहिए। अब भोपाल के गैस पीड़ितों के हस्ताक्षर से एक ज्ञापन भारत के राष्ट्रपति को देने की तैयारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि जब भोपाल में यूनियन कार्बाइड कारखाना स्थापित करने का प्रस्ताव मध्य प्रदेश विधान सभा में प्रस्तुत हुआ था तब भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के तत्कालीन विधायक कॉमरेड शाकिर अली खान ने इसका विरोध करते हुए भोपाल में इस प्रस्ताव को खारिज करने की मांग की थी।

# माशिमं: आज से लेट फीस 12 हजार रुपए लगेगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**भोपाल**. माशिमं ने ऐसे छात्रों के लिए परीक्षा फॉर्म जमा करने का एक और मौका दिया है, जिन्होंने अब तक परीक्षा फॉर्म जमा नहीं किया है। हालांकि अब इन छात्रों को लेट फीस के तौर पर 12 हजार रुपए देना होंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल की परीक्षाएं फरवरी में शुरू होना है। बता दें परीक्षा के लिए सामान्य फीस के साथ फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर थी। 30 नवंबर तक 10 हजार फीस के साथ फॉर्म जमा कराए गए थे। यह छात्र परीक्षा शुरू होने के 10 दिन पूर्व तक परीक्षा फॉर्म जमा कर सकते हैं।

# आरजीवीवी यूआइटी चौथे सेमेस्टर की परीक्षा आज से

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शुक्रवार से आरजीपीवी यूटीडी के चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हो चुकी है। परीक्षा सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक होगी। जो 28 दिसंबर तक चलेंगी। छठवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 21 दिसंबर से शुरू होंगी। पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 नवंबर से शुरू हो चुकी हैं। यह परीक्षा 20 दिसंबर तक चलेंगी।

# कलेक्टर को निलंबित करने पर अड़ी कांग्रेस, आयोग को भेजा पत्र

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बालाघाट विधानसभा क्षेत्र में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर स्ट्रांग रूम में रखे पोस्टल वोट के साथ हुई छेड़छाड़ की कथित घटना पर कांग्रेस का हमलावर रुख बरकरार है। कांग्रेस ने कलेक्टर को निलंबित करने की मांग फिर की है। उपाध्यक्ष एवं चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जे.पी. धनोपिया ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर बालाघाट में डाकमत पत्रों के साथ हुई छेड़छाड़ में ईटीपीबीएमंएस के

### स्ट्रांग रूम में मंत्री के रिश्तेदार की मौजूदगी पर आपत्ति

मतपत्र दिखाई नहीं देने की घटना की निष्पक्ष जांच कराये जाने को दृष्टिगत रखते हुए बालाघाट कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा को तत्काल निलंबित किये जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि कहा मतगणना 3 दिसम्बर, को होना नियत है। जो वीडियो वायरल हुआ है उसमें कोषालय स्थित अस्थाई स्ट्रांग रूम के अंदर पोस्टल वोट्स को खोलने, गड्डियां बनाने एवं थेलों में रखने की कार्यवाही को दिखाया गया है उक्त कार्यवाही में भाजपा प्रत्याशी गौरीशंकर बिसने के रिश्तेदार जो कि सेवानिवृत्त कर्मचारी है वे भी उस कमरे में बैठे दिखाए गए है, कमरे की वीडियोंग्राफी में कोई राजनीतिक दल का प्रत्याशी उपस्थित नही दिखाई दिया है, शासकीय कर्मचारियों को ही पोस्टल वोट्स के साथ छेड़छाड़ करते हुए दिखाया गया है।

**मेट्रो एंकर** भोपाल क्षेत्रीय केन्द्र के अंतर्गत 20 परीक्षा केन्द्र, 5 केंद्रीय कारागार में बनाए

# इग्नू: शुरू हुई इग्नू सत्रांत परीक्षाएं, 4437 विद्यार्थी हो रहे हैं शामिल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की दिसम्बर सत्रांत परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू हो गई हैं। स्नातक, परास्नातक, सर्टिफिकेट, डिप्लोमा एवं पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए यह परीक्षाएं दो पाली में आयोजित की जा रही हैं। जिसमें पहली पाली सुबह 10 से 1 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 से 5 बजे की है। परीक्षाएं 9 जनवरी तक आयोजित होंगी। भोपाल में इग्नू द्वारा इग्नू अध्ययन केंद्र मोतीलाल नेहरू विज्ञान महाविद्यालय एवं कैरियर कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। सबसे अधिक संख्या विद्यार्थी दोनों पारियों में मोतीलाल नेहरू विज्ञान महाविद्यालय में शामिल हो रहे हैं।

**217 पाठ्यक्रमों के 1616 कोर्सेस:** इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र भोपाल की वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. बिनी टॉम्स ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 4437 अभ्यर्थी इग्नू की 217 पाठ्यक्रमों के 1616 कोर्सेस की परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। भोपाल क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत 20 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। पांच परीक्षा केन्द्र उज्जैन, होशंगाबाद, ग्वालियर इंदौर एवं भोपाल केंद्रीय कारागार में भी स्थापित किये गये हैं। इसके अतिरिक्त इग्नू की परीक्षाएं, इंदौर, ग्वालियर, मंदसौर, उज्जैन, विदिशा, झाबुआ, धामनोद, शिवपुरी, महू, खंडवा एवं नर्मदापुरम में आयोजित की जायेंगी। सभी परीक्षार्थियों को इग्नू द्वारा दिए गए परिचय पत्र को लेकर परीक्षा केंद्र में जाना होंगे।

### 2024 सत्र से चार नए मास्टर प्रोग्राम

इग्नू 2024 सत्र से चार नए मास्टर प्रोग्राम शुरू होंगे। इग्नू साइंस में पीजी कोर्स पहली बार शुरू करने जा रहा है। इन सभी कोर्स में अभ्यर्थी



ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड से पढ़ाई कर सकते हैं। इसमें एमएससी बॉयोकेमिस्ट्री, एमएससी जूलॉजी और एमएससी केमिस्ट्री कोर्स शामिल हैं। अकादमिक काउंसिल के बाद प्रोग्राम कमेटी ने भी इन चारों मास्टर प्रोग्राम को जनवरी सत्र से शुरू करने की मंजूरी दे दी है।

### दिसंबर के पहले हफ्ते से ऑनलाइन आवेदन

इसी के तहत दिसंबर के पहले हफ्ते से ऑनलाइन आवेदन विंडो ओपन हो जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार सभी कोर्स को इग्नू की अधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पत्र अपलोड होने के बाद भर सकेंगे। प्रबंधन के अनुसार, इन कोर्स के लिए अभ्यर्थियों को प्रैक्टिकल की सुविधा भी रहेगी। इसके लिए अध्ययन केंद्रों पर व्यवस्था की जाएगी।



## सुविचार

''भगवान से कुछ मांगना है तो सद्बुद्धि मांगिए, बाकी सब अपने आप मिल जायेगा।''

-अज्ञात

## संपादकीय

# जो रूठ रहा है, उसे मनाएं

अब हम उस वक्त में दाखिल हो चुके हैं, जब ग्लोबल वार्मिंग की कल्पना का दौर बीत चुका है और इसका तीखा असर सामने आने लगा है। ग्लोबल वॉर्मिंग हमारे जीवन पर साफ-साफ असर डाल रही है। इसीलिये पृथ्वी की पर्यावरण चिंताओं पर विचार और समस्याओं के समाधान के लिए दुबई में आयोजित हो रहा कॉप-28 खासा महत्वपूर्ण है 2021 में हुए पेरिस समझौते में दुनिया का तापमान जिस 1.5 डिग्री सेल्सियस पर ही रोकने की बात की गई थी, इस साल 38 से भी अधिक दिन ऐसे रहे हैं जिनमें तापमान औसत से डेढ़ डिग्री ज्यादा रहा था। महासागर तेजी से गर्म हो रहे हैं। अल नीनो की वजह से इस साल उनका भी तापमान सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस ज्यादा रेकॉर्ड किया गया। धरती का रेफ्रिजरेटर माने जाने वाले अंटार्कटिका से इस साल साढ़े सत्रह लाख वर्ग किलोमीटर बर्फ गल गई है। पिछले हफ्ते अंटार्कटिका में 4 हजार स्क्वेयर किलोमीटर से भी बड़ा हिमखंड टूट गया। कहीं बाढ़, कहीं सूखा तो कहीं बेमौसम बरसात के चलते 2023 को दुनिया भर के मौसम वैज्ञानिक एक ऐसा वर्ष मान रहे हैं, जहां से पृथ्वी का पर्यावरण एक अज्ञात क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है। जाहिर है कि कॉप-28 में सिर्फ जुबानी जमाखर्च से काम नहीं चलने वाला, जैसा कि अभी इसमें शामिल 198 देश और उनके नुमाइंदे करते आए हैं। कॉप की बैठकें भले ही अच्छे भविष्य की रूपरेखा बनाने के लिए आयोजित होती रही हों, लेकिन एक पेरिस समझौते को छोड़ दें तो अभी तक इसमें बहुत महत्वपूर्ण व दूरगामी? चिंताओं को कम करने वाला काम नहीं हो पाया है। न तो विकसित देश अपना कार्बन उत्सर्जन तेजी से कम कर रहे हैं और ना ही ग्रीन एनर्जी में प्रगति जिक्र करने लायक है। इसीलिए कॉप-28 में पिछली सारी बैठकों में हुए वादों, इरादों और उन पर हुए काम का लेखा-जोखा हो रहा है। पिछले साल इजिप्ट में हुए कॉप-27 में मौसम से होने वाले नुकसान से निपटने के लिए फंड बनाने पर सहमति बनी थी, जो अभी तक लगभग खाली ही है। कॉप-28 में भी अगर इस पर कुछ नहीं होता तो यह बात आईने की तरह साफ हो जाएगी कि विकसित देश क्लाइमेट चेंज की चुनौतियों से निपटने को लेकर कितने गंभीर हैं। दुनिया को क्लाइमेट चेंज की चुनौती को गंभीरता से लेना होगा और इसके दुष्प्रभाव को कम करने के लिए कदम उठाने होंगे। अभी तक अपने स्वार्थ की वजह से दुनिया के कई व खासतौर पर अमीर देश इस दिशा में तेजी से कदम नहीं उठाते। दरअसल, नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने के लिए ग्रीन एनर्जी में भारी-भरकम निवेश करना होगा और प्रदूषण फैलाने वाले ईंधनों का इस्तेमाल घटाना होगा। लेकिन इससे कुछ समय के लिए आर्थिक ग्रोथ में कमी आ सकती है। इस वजह से भी एक हिचक कई देशों में दिखती है, दुनिया के यह देश दूसरे देशों को तो नसीहतें देते रहते हैं लेकिन खुद इस पर अमल करने से बचने हैं। इन देशों को समझना होगा कि अपनी ताकत बढाने के लिये किये जा रहे वित्तीय प्रावधान व खर्च भले ही किसी युध्द को लंबा खींचने में काम आ जाएं लेकिन जो युध्द दुनिया को हर रोज लड़ना है, उसके लिये बाकी सारे मोह छोड़ने होंगे। वरना यह पीढी तो किसी तरह खप जाएगी लेकिन आने वाली पीढ़ियों के लिये रूठी प्रकृति के वार को झेलना मुश्किल हो जाएगा।

## निशाना

### करने को कमाल !



-कृष्णेन्द्र राय


बैठकों का दौर है।
करने को कमाल ।।
बढ़ गई है हलचल।
पैदा भी सवाल ।।
प्रतियोगिता चल रही।
ना निकला है नाम ।।
बन रही ना सहमति।
किसका अच्छा काम ।।
पल पल है बयान पर।
हम ही हैं स्वीकार ।।
जाएगी सरकार ये।
चल रहा विचार ।।
पर भविष्य के गर्भ में है।
किसका पलड़ा भारी ।।
लेकिन खूब ठाट से।
चल रही तैयारी ।।

## आज का इतिहास

- 2006 में आज ही के दिन नेपाल ने नए राष्ट्रगान को स्वीकृत किया था।
- 2002 में 1 दिसंबर को ही ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड से लगातार आठवीं बार एशेज टेस्ट सीरीज जीती थी।
- 2001 में आज ही के दिन अफगानिस्तान कंधार एयर पोर्ट पर तालिबान विरोधी कबालियों का कब्जा किया था।
- 2000 में 1 दिसंबर के दिन ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने तालिबान पर शस्त्र प्रतिबंध का समर्थन किया था।
- 1991 में आज ही के दिन एड्स जागरूकता दिवस की शुरुआत हुई थी।
- 1976 में 1 दिसंबर के दिन ही बांग्लादेश में जनरल जियाउर रहमान ने खुद को राष्ट्रपति घोषित किया था।

# यूरोप को बांटना, राज करना और जीतना चाहता है चीन ...लेकिन EU इसे रोकने में काफी भ्रमित है

**सना हाशमी**



7-8 दिसंबर को बीजिंग में होने वाला 24वां EU-चीन शिखर सम्मेलन एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। यह यूरोपीय संघ के साथ चीन के मुश्किल संबंधों को एक नई दिशा की ओर ले जाएगा। खासकर मध्य और पूर्वी यूरोपीय देशों के नए पुनर्गठित फॉर्मेट- 14+1 जो पूर्व में 17+1 था ङ्क के आने के बाद इसकी संभावना और भी बढ़ गई है. चीन की तुलना में यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के बीच एक महत्वपूर्ण विभाजन है। उदाहरण के लिए, चेक गणराज्य और लिथुआनिया चीन से दूर हो गए, जबकि फ्रांस, जर्मनी और हंगरी बीजिंग के साथ रिश्ते मजबूत करने की वकालत कर रहे हैं. कभी-कभी, ये देश चीन को लेकर अपनी व्यक्तिगत नीतियों और व्यापक यूरोपीय संघ के रुख के बीच की रेखाओं को भी धुंधला कर देते हैं।

कोविड-19 महामारी के बाद, यूरोप से चीन की आधिकारिक यात्राओं में काफी बढ़ोतरी देखने को मिली है, जिसमें फ्रांसीसी विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना 23-24 नवंबर को यात्रा करने वाली नेता हैं। इससे पहले, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन और यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने अप्रैल में चीन का दौरा किया था. मार्च में स्पेनिश प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ पेरेज़-कास्टेजोन और नवंबर 2022 में जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ ने चीन का दौरा किया था। ये घटनाक्रम चीन द्वारा अपने यूरोपीय समकक्षों को लुभाने का प्रयास हो सकता है. उदाहरण के लिए, देश ने एकतरफा रूप से फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, इटली और नीदरलैंड के नागरिकों के लिए 15-दिवसीय वीज़ा-फ्री एंट्री की घोषणा की। हालांकि यह कदम किसी बड़े बदलाव की ओर इशारा तो नहीं करता है, लेकिन यह चीन की यूरोप नीति और बीजिंग के प्रति अनुकूल विचार रखने वालों के साथ सामंजस्य बिठाने के प्रयास में एक नया मोड़ दिखाता है।

चीन स्पष्ट रूप से यूरोप के साथ अपने संबंधों को स्थिर करने का प्रयास कर रहा है. देश का सरकारी मीडिया देश के प्रति सकारात्मक भावनाओं के साथ यूरोपीय संसद सदस्यों (स्थ्रक्क) के दृष्टिकोण को बढ़ाता है. उदाहरण के लिए, CGTN ने हाल ही में आयरिश MEP क्लेयर डेली के साथ एक स्पेशल इंटरव्यू किया। इसमें उन्होंने चीन के प्रति यूरोपीय संघ के रुख में ऐतिहासिक अहंकार को लेकर टिप्पणी की और कहा कि कैसे यह उनकी औपनिवेशिक मानसिकता से उत्पन्न हुआ। ग्लोबल टाइम्स ने एक संपादकीय में इसी तरह की भाषा का इस्तेमाल किया। इसमें कहा गया, कई यूरोपीय संघ के राजनेता अपने मुखर और अहंकारी रुख को बनाए रखते हैं. हालांकि, उनके अहंकार का समर्थन करने वाली नींव धीरे-धीरे कमजोर हो रही है।÷ चीन समर्थक स्थ्रक्कमाइक वालेस अक्सर चीनी मीडिया आउटलेट्स के साथ इंटरव्यू में दिखाई देते हैं और माइक्रोब्लॉगिंग साइट वीबो पर अपने विचार व्यक्त करते रहते हैं. उनके प्रमुख दृष्टिकोणों में से एक ङ्क जिसने चीनी सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था ङ्क शिनजियांग में मानवाधिकारों पर यूरोपीय संघ के रुख की तुलना इज़रायल-हमास संघर्ष पर उसकी स्थिति से की जाती है। उन्होंने कहा, ÷यूरोपीय संघ हांगकांग में मानवाधिकारों के बारे में बात करना चाहता है. चीनी पुलिस ने किसी प्रदर्शनकारी को नहीं मारा, जबकि उसी यूरोपीय संघ ने गाजा में नरसंहार का समर्थन किया. धुर दक्षिणपंथी इज़रायली शासन ने 50 दिनों में 13,000 से अधिक नागरिकों को मार डाला. यूरोपीय संघ हमेशा से गलत पक्ष में रहा है। हालांकि, डेली और वालेस के विपरीत, कई यूरोपीय संसद सदस्यों ने चीन के साथ संबंधों को संभालने में यूरोपीय संघ की रणनीति की महत्वपूर्ण प्रकृति पर जोर दिया है. जर्मन स्थ्रक्करेइनहार्ड ब्यूटिकोफर ने चीन द्वारा स्वीकृत जर्मन थिंक टैंक मर्केटर इंस्टीट्यूट फॉर चाइना स्टडीज (स्थ्रत्रह्वष्टस्) के साथ एक इंटरव्यू में अपने देश की चीन नीति को रेखांकित किया. उन्होंने कहा, ÷जब तक हमें यह चिंता है कि चांसलरी जर्मन और यूरोपीय हितों को अत्यधिक चीन पर निर्भर जर्मन कार उद्योग के हितों के बराबर रखती है, चीन के मुकाबले यूरोपीय एकता हमेशा नाजुक रहेगी.÷दिलचस्प बात यह है कि वॉन डेर लेयेन वीबो पर सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली शख्सियत नहीं हैं, जिसका मुख्य कारण चीन पर उनका सख्त रुख है. एक यूजर ने इस बात पर प्रकाश डाला कि, यूरोपीय संघ के संविधान के अनुसार, वॉन डेर लेयेन के पास विदेश नीति में शामिल होने का अधिकार नहीं है, फिर भी वह गाजा में तनाव के लिए चीन को जिम्मेदार ठहरा रही है. यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष पर पहले से ही प्रतिकूल विचार तब और तेज हो गए, जब अक्टूबर में, यूरोपीय संघ ने चीन से बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों के आयात पर सब्सिडी की जांच शुरू की. हालांकि, मैक्रॉन की अप्रैल चीन यात्रा के बाद की गई टिप्पणियां, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया था कि यूरोप को ताइवान मुद्दे पर ÷अमेरिका का अनुयायी÷ बनने के दबाव का विरोध करना चाहिए, चीनी समाचार आउटलेट और सोशल मीडिया द्वारा सराहना की गई।

यूरोपीय संघ ने चीन के साथ अपने संबंधों में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला है, खासकर पर्याप्त व्यापार असंतुलन पर ध्यान केंद्रित किया है. 2022-23 में, यूरोपीय संघ के साथ चीन का व्यापार अधिशेष 434.96 बिलियन की ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गया, जो इस आर्थिक असमानता की भयावहता को दर्शाता है. इसके बावजूद, कई यूरोपीय देश चीन के साथ जुड़ाव को अपने आर्थिक हितों के लिए महत्वपूर्ण मानते हैं, यहां तक कि रूस-यूक्रेन संघर्ष को संबोधित करने में भी इसे संभावित रूप से फायदेमंद मानते हैं। हालांकि, चीन के प्रति नरम रुख और उसके साथ व्यवहार में जल्दबाजी के खिलाफ चेतावनी देने वाली आवाजें भी उठ रही हैं. यूरोपीय विद्वानों के बीच एक प्रचलित नजरिया यह है कि ÷इस साल यूरोपीय नेताओं की चीन यात्रा से यूरोपीय हितों के अनुरूप रियायतों के मामले में बहुत कम परिणाम देखने मिले हैं ङ्क चाहे वह रूस की आक्रामकता को लेकर हो या आर्थिक चीजों से संबंधित हो. इसके बजाय इन यात्राओं को यूरोपीय देशों के बीच फूट के रूप में देखा जा रहा है, जिससे अंततः यूरोप की चीन नीति अव्यवस्था की स्थिति में आ गई है।÷

हालांकि, यूरोपीय संघ चीन के प्रति लगातार दृढ़ रुख रखा है. कुछ देशों द्वारा चीन के साथ व्यक्तिगत जुड़ाव बढ़ाने की इच्छा व्यक्त करने के बावजूद वॉन डेर लेयेन के बयान अटल रहे हैं. 2019 में, यूरोपीय आयोग ने इस देश को एक व्यवस्थित प्रतिद्वंद्वी के रूप में बताया. यह स्थिति पूरे साल वॉन डेर लेयेन के बयानों में लगातार गूंजती रही. उन्होंने 16 नवंबर को एक स्थ्रत्रह्वष्टस् कार्यक्रम में दोहराया, ÷हमें यह समझना चाहिए कि हमारे रिश्ते में प्रतिद्वंद्विता का एक स्पष्ट भाव है. हमें यह भी समझना चाहिए कि वैश्विक सुरक्षा वास्तुकला पर चीन के विचार डिफ़ॉल्ट रूप से हमारे साथ मेल नहीं खाते हैं।÷ हालांकि, फ्रांस और जर्मनी जैसे सदस्य देश अपनी स्वयं की चीन नीतियों को आकार देना जारी रखे हुए हैं. इसके चलते एकीकृत यूरोपीय संघ की में कई मुश्किलें भी सामने आती हैं. दूसरी ओर, यूरोपीय संघ के लिए चीन की रणनीति स्थ्रह को जो उसकी रणनीति है, बिल्कुल वही है- फूट डालो, शासन करो और जीतो। इस बात पर आम सहमति है कि यूरोपीय संघ के पास सामंजस्यपूर्ण और सूक्ष्म चीनी नीति का अभाव है. यूरोपीय संघ और उसके सदस्य देशों दोनों के लिए यह समझना महत्वपूर्ण है कि अपने आप में विभाजित यूरोप अपने हितों को कमजोर करते हुए चीन के हितों की पूर्ति करता है. चीन के साथ मुद्दों के समाधान के लिए यूरोपीय संघ के देशों के बीच ईमानदार तालमेल की आवश्यकता है. आगामी श्व-चीन शिखर सम्मेलन श्व के लिए एकजुट मोर्चा दिखाने और अपने दीर्घकालिक हितों को सुरक्षित करने के लिए एक मंच के रूप में काम कर सकता है. हालांकि, ऐसी एकजुटता फिलहाल संभव नहीं लगती.

(**साभार:** लेखक ताइवान-एशिया एक्सचेंज फाउंडेशन और जॉर्ज एच.डब्ल्यू फाउंडेशन फॉर यूएस-चायना रिलेशन्स में फेलो हैं। यह उनके विचार हैं।

# खालिस्तान समर्थकों की हताशा से उपजी अभद्रता

**ललित गर्ग**

अमेरिका के न्यूयार्क में लांग आइलैंड क्षेत्र में गुरुपर्व के मौके पर गुरुद्वारे में माथा टेकने गए भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू से खालिस्तान समर्थकों की धक्का-मुक्की और शर्मनाक व्यवहार न केवल निन्दनीय है बल्कि सिख धर्म की पवित्र, मर्यादामय एवं शांतिप्रिय परम्परा को धुंधलाने का कुत्सित प्रयास है। सिखधर्म के संस्थापक, मानवीय मूल्यों के प्रेरक एवं राष्ट्रीयता के सुदृढ़ आधार महान धर्मगुरु के जन्मोत्सव-गुरुपर्व जैसे पवित्र एवं पावन अवसर पर ऐसी हरकत करने वाले सच्चे सिख कैसे हो सकते हैं? ऐसे खालिस्तान समर्थकों ने आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के लिए राजदूत संधू को जिम्मेदार ठहराते हुए उनके विरुद्ध नारेबाजी-धक्कामुक्की करना एवं अपने गुरुद्वारे की चौखट पर माथा टेकने आये इस विशिष्ट अतिथि एवं साधर्मिक पर हत्या की साजिश का आरोप लगाना हर दृष्टिकोण से तीव्र भर्त्सनापूर्ण है। कनाड़ा एवं अमेरिका में बढ़ रही हिन्दू विरोधी घटनाएं के पीछे छिपी दोनों देशों की मंशा एवं नियत की अनदेखी करना भारी भूल होगा क्योंकि इससे भारतीय संदर्भो में नई जटिलताएं खड़ी हो सकती है और इसका असर द्विपक्षीय संबंधों पर भी पड़ेगा।

जिस तरह दुनिया में मुस्लिम आतंकवाद चिन्ता का विषय है, ठीक उसी तरह खालिस्तानी आतंकवाद भी भारत सहित दुनिया के लिये एक बड़ा संकट बन रहा है। अपने राजनीतिक स्वार्थो के लिये कनाड़ा, अमेरिका, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया में कुछ खालिस्तान समर्थकों को संरक्षण मिलना, एक चिनगारी को आग बनाने एवं दुनिया में अशांति, हिंसा एवं आतंक के लिये उर्वरा भूमि तैयार करना है। कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की लोकप्रियता महंगाई और बेरोजगारी तथा लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था के चलते घट चुकी है और वह जैसे-तैसे अपना पद बचाने के लिए जुगाड़ में लगे हैं और इसके लिये खालिस्तान समर्थकों की अलगाववादी गतिविधियों को बल दे रहे हैं या इन गतिविधियों से इतने अनजान हो जाते हैं कि वे चाहे-अनचाहे उनकी राह आसान कर देते हैं। कनाडा में खालिस्तानी तत्व लगातार हिन्दू मंदिरों के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं और गुरपतवंत सिंह पन्नू ने तो यह धमकी भी दी है कि कनाडा से हिन्दुओं को निकाला जाना चाहिए। पन्नू ने हाल ही में एयर इंडिया के विमानों को निशाना बनाने की धमकी दी थी और वह लगातार भारत के विरुद्ध जहर उगल रहा है। प्रधानमंत्री ट्रूडो का इन साजिशों एवं धमकियों को नजरअंदाज करने का कारण उनका खालिस्तान समर्थकों से समझौता होना बताया जाता है। इसी के चलते जस्टिन ट्रूडो एक के बाद एक गलतियां कर रहे हैं, जिसके चलते कनाडा में किसी दूसरे देश की तुलना में ज्यादा ड्रग तस्कर, आतंकी और गैंगस्टर मौजूद हैं। यह वही खालिस्तानी हैं जिन्होंने भारत के कनिष्क विमान को उड़ा दिया था, जिसमें 300 से ज्यादा कनाडाई नागरिक मारे गए थे। वहां खालिस्तान समर्थक अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। क्या कनाड़ा अपनी धरती पर आतंकवाद को पोषण देकर बिन बुलाये एक गंभीर समस्या को नहीं न्यौत रहा है?




कनाड़ा की ही भांति अमेरिका भी खालिस्तानी आतंक को पनपा रहा है। यही कारण है कि अमेरिका ने तो भारत को यहां तक कह दिया था कि वह आतंकवादी निज्जर की हत्या की जांच में कनाडा को सहयोग करेगा। हैरानी इस बात की है कि जिस अमेरिका ने ओसामा बिन लादेन की तलाश में अफगानिस्तान की तेरा बोरा पहाड़ियों की खाक छानी और अंततः पाकिस्तान में घुसकर लादेन को मारा था, जिस अमेरिका ने अफगानिस्तान में छिपे बैठे अल जवाहरी को ड्रोन मिसाइल से मार गिया और जिस अमेरिका ने इराक में घुसकर सद्दाम हुसैन को ढूंढकर फांसी पर चढ़ाया था उसे आतंकी निज्जर की हत्या और पन्नू पर हमले की साजिश की इतनी चिंता क्यों है? जबकि अमेरिका एक तरफ भारत से व्यापारिक और रणनीतिक साझेदारी बढ़ा रहा है। दूसरी तरफ वह खालिस्तानी आतंकवाद के मामले में दोगली चाल चल रहा है। अगर भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ा तो अमेरिका की कूटनीतिक प्राथमिकताओं के चलते वह कनाड़ा का साथ देगा। इसका कारण कनाडा अमेरिका का सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार एवं उनके पारम्परिक रिश्ते हैं।

ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की भूमिका को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं, अमेरिका ने ही इस मामले में उन्हें खुफिया जानकारी उपलब्ध कराई थी। अमेरिका ने अपने देश की भूमि पर पन्नू की हत्या की साजिश को न केवल नाकाम किया बल्कि इस साजिश में भारत के शामिल होने का आरोप लगाया है।?इसके बाद अमेरिका की भूमिका को लेकर सवाल उठ खड़े हुए हैं। अमेरिका एवं कनाड़ा की खालिस्तान समर्थकों को लेकर भूमिका संदेह एवं शंकाग्रस्त ही रही है। पिछले कुछ समय से कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन और आस्ट्रिेलिया में कुछ खालिस्तान समर्थकों ने जिस तरह की हरकतें करनी शुरू कर दी हैं, उससे यही लगता है कि भारत में मनमानी करने में मिली हताशा को अब वे दूसरे देशों में अभिव्यक्त कर रहे हैं। लेकिन सरकार देश के साथ विदेश की धरती पर बढ़ रही खालिस्तान समर्थकों की घटनाओं को लेकर सतर्क एवं सावधान है। विशेषतः आतंकवादी पन्नू पर उसकी नजर है, क्योंकि वह अमेरिका में रहकर पंजाब में खालिस्तानी अलगाववादी मुहिम चला रहा है। भारत ने उसे आतंकवादी घोषित कर रखा है और उस पर एक दर्जन से ज्यादा केस दर्ज हैं। वह कथित खालिस्तान की स्थापना को लेकर डींगे हांकता एवं षड़यंत्र रचता रहता है। एक आतंकी इतना प्रभावशाली हो चुका है जो कनाडा में रह रहे भारतीय समुदाय को धर्म के आधार पर विभाजित करने के साथ भारत की एकता और अखण्डता को खंडित करने की कोशिश कर रहा है।

सिख समुदाय के लोग भी शांति चाहते हैं और अपने धर्म की आदर्श परम्पराओं को घूमिल होने से बचाने की कोशिश करते हैं। यही कारण है कि उन्होंने लांग आइलैंड गुरुद्वारे में उत्पाद मचाने की कोशिश करने वाले खालिस्तान समर्थकों को गुरुद्वारे से बाहर निकाल दिया। सिख समुदाय के लोगों ने यह साबित किया कि अवांछित हरकत करने वाले लोगों को सिख-प्रतिनिधि चेहरे के तौर पर नहीं देखा जा सकता। गिनती के कुछ लोग अगर खालिस्तान समर्थन के नाम पर मनमानी करने की उन्मादी कोशिश कर रहे हैं तो वे कामयाब नहीं होंगे। गुरुद्वारे के भीतर ही सिख समुदाय के लोगों ने राजदूत का जोरदार स्वागत करके खालिस्तान समर्थकों के मजसूबों पर पानी फैर दिया। वहां मौजूद राजदूत ने स्पष्ट किया कि भारत सरकार विदेश में बसे भारतीयों और सिख समुदाय के साथ करीबी रिश्ता कभी नहीं टूटने देगा। जाहिर है, अलगाववाद के झांसे में ज्यादातर सिख नहीं आ रहे हैं और उनकी प्राथमिकताओं में भारत की एकता, अमनचैन एवं सिखधर्म की मजबूत मर्यादाएं एवं शालीन परम्पराएं ही है। बावजूद इसके बड़ा सच यह भी है कि अमेरिका और खासतौर पर कनाडा में पिछले कुछ समय से खालिस्तान समर्थक गुटों ने अपने पांव पैलाए हैं और भारत पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं, उसक प्रति लापरवाही भी नहीं बरती जानी चाहिए।

सिख समुदाय के लोगों को भी एकजुट होकर उनके धर्म के नाम पर होने वाली इन अमानवीय, आतंकी एवं हिंसक घटनाओं का विरोध करना चाहिए। क्योंकि सिख धर्म को कालजयी बनाने के लिए गुरु गोविन्द सिंह ने सभी धर्मों और जातियों के लोगों को गुरु-शिष्य-परम्परा में दीक्षित किया एवं राष्ट्रीय एकता के लिये बलिदान की भावनाओं को जगाया। उन्होंने आने वाली शताब्दियों के लिए एक नए मनुष्य का सृजन किया। यह नया मनुष्य जातियों एवं धर्मों में विभक्त न होकर धार्मिकता, मानवीयता, राष्ट्रीय एकता एवं देश के संरक्षण के लिए सदैव कटिबद्ध रहने वाला है। सबको साथ लेकर चलने की यह संरचना, निस्संदेह, सिख मानस की थाती है। फिर, सिख धर्म का परम लक्ष्य मानव-कल्याण ही तो है। इन आदर्श परम्पराओं को धुंधलाने वाले खालिस्तान समर्थक, आतंकी पन्नू और उसकी अलगाववादी सोच को निस्तेज करना ही वक्त ही बड़ी जरूरत है। इसी से कई दशकों से पंजाब में समय-समय पर खड़े किये जा रहे अलगाव, हिंसात्मक-ज़लज़लों एवं निर्दयी विध्वंसों को रोका जा सकता है, इसी से पंजाब की धरती एवं सिख समुदाय के लोगों का शान्तिपूर्ण अस्तित्व कायम रह पायेगा।

यह लेखक के अपने विचार हैं।

नर्मदा कॉलेज से खेल अधिकारी डॉ. चाहर हुए सेवानिवृत कालेज में किया गया विदाई समारोह आयोजित

# डॉ. चाहर की कार्य कुशलता और कर्मठता विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत: पं भवानी शंकर

## प्राचार्य डॉ.चौबे ने कहा- प्रोफेसर डॉ.चाहर ने कॉलेज को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय ख्याति दिलाई

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

गुरुवार को शासकीय नर्मदा महा विद्यालय में क्रीड़ा अधिकारी प्राध्यापक डॉ वाय एस चाहर सेवानिवृत हुएद्ध। कालेज परिवार द्वारा आयोजित विदाई समारोह में उन्हें शॉल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री चाहर परिवार के सदस्य व ईष्ट मित्र और पूर्व प्राध्यापक उपस्थित रहे। डॉ. चाहर के सुपुत्र मुकुंद चाहर का आई ए एस परीक्षा में चयन होने पर प्राचार्य द्वारा पुष्पगुच्छ और शाल भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पं. भवानी शंकर शर्मा ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि डॉ चाहर ने नर्मदा कॉलेज के खेल विभाग को न केवल सक्रियता प्रदान की अपितु नवीन खेल विधाओं को पहले निरंतर ऊंचाईयां दी। उनकी कार्यकुशलता और कर्मठता विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रही। प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कॉलेज को ख्याति प्रदान करने का श्रेय देते हुए कहा कि खिलाड़ियों को अपने प्रेजेंटेशन के लिए मानसिक रूप से भी काउंसलिंग देते रहे। खेलों के क्षेत्र में महाविद्यालय में नवीन आयाम स्थापित किए।डॉ अमिता जोशी ने उनके योगदान को अविस्मरणीय तथा ऊर्जा शक्ति और खिलाड़ियों का प्रेरणा स्रोत बताया। डॉ एस सी हर्ने का कहना था कि उनके कार्यकाल में महाविद्यालय के सारे खेल प्रांगणों में एक साथ कई खेल संचालित होते रहे यह गर्व का विषय रहा। डॉ संजय चौधरी ने कहा विद्यार्थियों को नेपाल और तुर्की जैसे देशों में खेल प्रदर्शन करने में डॉ चाहर का योगदान सराहना रहा । डॉ वाय एस चाहर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महाविद्यालय के संरक्षक प्राचार्य और साथियों का सहयोग मिलता गया । आवश्यक संसाधनों और सुविधाओं की कमी नहीं होने दी। मुझे गर्व है कि मैं विद्यार्थियों को अपना मार्गदर्शन और अनुभव दे सका। खेल हमें आगे बढ़ना सिखाते हैं। डॉ हंसा व्यास ने कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डॉ बी एस आर्य, डॉ राजेश दीवान, डॉ आलोक मित्रा, डॉ सुधीर दीक्षित, डॉ विनीता अवस्थी, डॉ.अंजना यादव,डॉ बी सी जोशी राष्ट्रीय खिलाड़ी गंगा अंडेकर, राहुल साहू, देवेन्द्र नर्रे कोच स्नेहा दुबे सहित समस्त महाविद्यालयीन प्राध्यापक, अतिथि विद्वान और कर्मचारी उपस्थित रहे।




## मतगणना के संबंध में मीडियाकर्मियों के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश

नर्मदापुरम। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना स्थल पर मीडिया कर्मियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए है। आयोग के निर्देश अनुसार मतगणना कक्ष के भ्रमण के दौरान मोबाइल ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। मीडियाकर्मी केवल मतगणना स्थल पर बने मीडिया सेंटर तक एक मोबाइल, कैमरा, लैपटॉप, ट्रायपॉड ले जा सकेंगे। मतगणना कक्ष के भ्रमण के दौरान मीडिया के लिए चिन्हित स्थान तक अल्प अवधि के लिए मीडिया कर्मियों को वीडियो कैमरा एवं स्टील कैमरा ले जाने की अनुमति होगी। मतगणना कक्ष के भ्रमण के दौरान व्यक्तिगत सीयू/वीवीपैट या मतपत्र पर दर्ज किए गए मतदान की तस्वीर खींचना प्रतिबंधित है। मीडियाकर्मी सीमित संख्या के बैच में स्कॉट ऑफिसर्स के साथ ही मतगणना कक्ष का भ्रमण करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पासधारी मीडिया कर्मियों को ही मतगणना स्थल/मतगणना कक्ष में प्रवेश की अनुमति होगी।

## जिले की चारों विधानसभा में 73 टेबलों पर कुल 230 कर्मचारी करेंगे मतगणना

**नर्मदापुरम।**विधानसभा निर्वाचन-2023 के तहत जिले की चारों विधानसभा की मतगणना 3 दिसम्बर 2023 को संभागीय आईटीआई नर्मदापुरम में की जायेगी। मतगणना के लिए जिले की चारों विधानसभाओं में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है। सिवनीमालवा, सोहागपुर और पिपरिया में मतगणना के लिए 16-16 टेबले लगाई जाएगी तथा होशंगाबाद में मतगणना के लिए 14 टेबलें लगाई जाएगी। इसके साथ ही पोस्टल बैलेट के लिए होशंगाबाद में 4, सिवनीमालवा में 3, पिपरिया और सोहागपुर में 2-2 टेबल अलग से लगाई जाएगी। चारों विधानसभाओं की मतगणना के लिए 62 टेबलों पर कुल 186 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इसके साथ ही चारों विधानसभा में पोस्टल बैलेट की गणना के लिए 11 टेबलो पर कुल 44 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इस प्रकार कुल 73 टेबल पर 230 कर्मचारी मतगणना संपन्न कराएंगे।

## वर्ष की अन्तिम नेशनल लोक अदालत 9 दिसंबर को

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिले में 09 दिसंबर 2023 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह नेशनल लोक अदालत जिला मुख्यालय सहित तहसील न्यायालय इटारसी/पिपरिया / सोहागपुर / सिवनी मालवा के न्यायालयों में आयोजित की जायेगी। इस नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित विभिन्न प्रकृति के राजीनामा योग्य आपराधिक मामलें, विद्युत चोरी, चैक बाउंस, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक, सिविल, भू-अर्जन आदि के लगभग 2129 मामलें रखे जायेंगें। साथ ही ऐसे प्रकरण जो न्यायालय में नहीं पहुंचे है, उन्हें भी प्रीलिटिगेशन के तौर पर इस लोक अदालत में निपटाया जायेगा। प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में में जलकर, संपत्तिकर, बैंक ऋष्ण वसूली, टेलीफोन बिल बकाया, विद्युत बिल बकाया आदि के मामले रखे जायेगें, जिनमें संबंधित विभागों द्वारा अधिभार में छूट भी प्रदान की जाती है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने ऐसे सभी पक्षकारों से जिनके मामलें न्यायालय में लंबित है से अपेक्षा की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने मामलों का शीघ्र एवं सुलभ निराकरण करायें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव / जिला न्यायाधीश श्री गौतम भट्ट ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से बैंक ऋण बकाया विद्युत बिल बकाया एवं जलकर / संपत्तिकर बकाया प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण पर पक्षकारों के धन एवं समय दोनों की बचत होती है तथा इससे पक्षकारों में द्वेष तथा वैमनस्यता की भावना समाप्त होती है, इसलिए पक्षकारों को अपने अधिवक्ताओं के साथ न्यायालय में उपस्थित होकर लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण कराकर लाभ लेना चाहिए।

## आज विश्व एड्स दिवस पर विभिन्न आयोजन

**नर्मदापुरम।** आज विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता संबंधी विविध आयोजन किए जाएंगे। सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार ने जानकारी दी कि प्रातः 10.30 बजे जिला चिकित्सालय परिसर नर्मदापुरम से सतरस्ता तक प्रियांशी एजुकेशनल सोशल सोसायटी द्वारा जन जागरूकता हेतु रेड रिबन लगाए जायेंगे। जिसमें गर्ल्स कॉलेज, सामाजिक कल्याण एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी, छात्र छात्राएं हिस्सा लेंगे। 01 दिसंबर से 15 दिसंबर 2023 तक एड्स जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महाविद्यालय एवं स्कूल स्तरीय सहित श्रम बस्तियों में जागरूकता शिविर, जिला जेल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, मानव श्रृंखला रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

## समयपाल मीना की सेवानिवृत्ति पर मजदूर संघ ने किया स्वागत सम्मान

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नगरपालिका में समयपाल के पद पर वर्ष 1996 से पदस्थ हरगोविंद मीना की सेवानिवृत्ति पर कर्मचारी मजदूर संघ द्वारा विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष महेश कुमार वर्मा थे.अध्यक्षता मजदूर संघ के अध्यक्ष राजेश अत्रे ने की . कार्यक्रम का संचालन कर रहे सुनील अवस्थी ने श्री मीना के संपूर्ण कार्यकाल के बारे में बताया.

इस अवसर पर उपयंत्री महेन्द्र सिंह तोमर, ओपी रावत, अनंतसिह राजपूत,ने शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया. साथ ही अख्तर खान, दिलाबर बेग, राजेन्द्र राजपूत, मनोहर सराठे, मूरतीसिंह, सुखदेव भार्गव, मुकेश कदम, इत्यादि कर्मचारी व श्री मीना के रिश्तेदार सहित पड़ोसियों ने पुष्पहार से स्वागत किया। अंत में आभार प्रकट करते हुये ओ पी रावत ने कहा कि कर्मचारियों की एकता व अखंडता के कारण ऐसे सेवानिवृत्त स्वागत कार्यक्रम पिछ्ले कई वर्षो से संपन्न किये जा रहे हैं। आगे भी ऐसे कार्यक्रम होते रहें इसके लिए कर्मचारी संगठन को आर्थिक स्थिति से मजबूत बनाना अति आवश्यक है।



## विधानसभा चुनाव मतगणना तैयारियों की जिला निर्वाचन अधिकारी दुबे ने की समीक्षा

**विदिशा, दोपहर मेट्रो**

मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत जिले की चारों विधानसभाओं के लिए हुए मतदान की मतगणना 03 दिसम्बर 2023 को रायसेन स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में की जाएगी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे द्वारा मतगणना हेतु की गई तैयारियों की समीक्षा की गई। साथ ही डाक मतपत्रों तथा ईवीएम मतों की गणना प्रक्रिया और सम्पन्न की जाने वाली कार्यवाहियों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ तथा सांची विधानसभा की रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से उदयपुरा विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी श्री संतोष मुदगल, भोजपुर विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी श्री चन्द्रशेखर श्रीवास्तव तथा सिलवानी विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी श्री सौरभ मिश्रा सहित सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी बैठक में शामिल हुए।



## जलवायु परिवर्तन विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**विदिशा, दोपहर मेट्रो**

जिले में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं हेतु जलवायु परिवर्तन का मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के संबंध में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में जलवायु में हो रहे परिवर्तनों के कारण, उनके लक्षण, परिवर्तनों का मानव जीवन पर क्या-क्या दुष्प्रभाव पड़ता है एवं जलवायु परिवर्तन को जन समुदाय द्वारा कैसे संतुलित बनाए रखा जा सकता है के अलावा इसमें जन समुदाय का क्या योगदान हो सकता है, दुष्प्रभावों से कैसे बचा जा सकता है के संबंध में विस्तार पूर्वक प्रोजेक्टर के माध्यम से विदिशा के होटल ग्रैंड अशोका में कार्यशाला का आयोजन कर विस्तार पूर्वक समझाया गया। इस दौरान सुझाव दिया गया कि हम अपने-अपने कार्यक्षेत्र में जाकर जन समुदाय को जन जागरूक करने का कार्य करें ताकि जनमानस के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों से बचा जा सके एवं इसके कारण असमय होने वाली मृत्यु को रोका जा सके।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेश तिवारी के निर्देशन में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला एपीडीमियो लॉजिस्ट डॉ शोएब खान, मेडिकल कॉलेज की विषय विशेषज्ञ डॉ रिचा निगम, जिला क्षय अधिकारी डॉ समीर किरार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

**मेट्रो एंकर** — मतगणना तीन दिसंबर को, प्रशासन ने की तैयारियां पूर्ण

# जाफरखेड़ी में 100 मीटर परिधि में होगा सुरक्षा का घेरा

**विदिशा, दोपहर मेट्रो**

विदिशा जिले की पांचों विधानसभाओं में संपन्न हुए विधानसभा आम निर्वाचन में हुए मतदान उपरांत मतों की गणना 3 दिसंबर को शासकीय आदर्श महाविद्यालय जाफरखेड़ी में की जाएगी।

जिले की पांचों विधानसभाओं के ईव्हीएम एवं डाक मतों की गणना कार्य कुल 83 टेबल पर 360 से अधिक कर्मचारियों द्वारा की जाएगी। मतगणना के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। शासकीय आदर्श महाविद्यालय जाफरखेड़ी की 100 मीटर की परिधि में सुरक्षा का घेरा रहेगा, जिसमें दो सैकड़ा से अधिक जवान तैनात होंगे।

कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव ने बताया कि हर विधानसभा क्षेत्र में ईवीएम के मतों की गिनती के लिए 14-14 गणना टेबल लगाई जाएंगी। प्रत्येक टेबल पर एक गणना पर्यवेक्षक, एक गणना सहायक व एक माइक्रो आब्जर्वर तैनात होंगे। इस प्रकार डाक मत पत्रों की गिनती के लिए लगाई जाने वाली हर टेबल पर एक गणना पर्यवेक्षक , दो गणना सहायक व एक माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किए जाएंगे। इस प्रकार डाक मत पत्र की टेबल पर चार अधिकारी नियुक्त होंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में गत 17 नवंबर को डाले गए मतों की गिनती 3 दिसंबर की प्रातः 8 बजे से शासकीय आदर्श महाविद्यालय परिसर जाफरखेड़ी में शुरू होगी। मतगणना के लिए विधानसभा क्षेत्रवार एक-एक मतगणना कक्ष बनाए गए हैं। हर कक्ष में 14-14 टेबल लगाई जाएंगी। इस प्रकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 14 टेबलों पर ईवीएम के मतों की गणना का काम संपादित होगा।



### सुबह 8 बजे से शुरू होगी गणना

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर भार्गव ने बताया कि 3 दिसम्बर को प्रात: 8 बजे से डाक मत पत्रों की गिनती शुरू होगी। इसके आधे घंटे बाद अर्थात प्रातरू 8.30 बजे से ईवीएम के मतों की गिनती शुरू की जाएगी।

### मतगणना की राउंडवार जानकारी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर भार्गव ने विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत तीन दिसंबर को होने वाली मतगणना के संबंध में राउंडवार जानकारी देते हुए बताया कि, जिले की पांचो विधानसभाओं क्रमशः विदिशा, बासौदा, कुरवाई (अजा), सिरोंज और शमशाबाद के कुल 1338 मतदान केंद्रों के लिए मतगणना शासकीय आदर्श महाविद्यालय जाफरखेड़ी में 3 दिसंबर को संपन्न होगी। उन्होंने विधानसभा वार जानकारी देते हुए बताया कि विदिशा विधानसभा के कुल 275 मतदान केंद्रों के लिए कुल 20 राउंड में मतगणना होगी तथा अंतिम राउंड में मतगणना के 9 मतदान केंद्र शामिल होंगे। इसी प्रकार बासौदा विधानसभा के कुल 261 मतदान केन्द्रों के लिए कुल 19 राउंड में मतगणना होगी जबकि अंतिम राउंड में मतगणना के 9 मतदान केंद्र शामिल होंगे। कुरवाई विधानसभा के 296 मतदान केन्द्रों के लिए कुल 22 राउंड में मतगणना होगी तथा अंतिम राउंड में मतगणना के दो मतदान केंद्र शामिल होंगे। सिरोंज विधानसभा के 254 मतदान केन्द्रों के लिए 19 राउंड में मतगणना होगी तथा अंतिम राउंड में मतगणना के दो मतदान केंद्र शामिल होंगे। शमशाबाद के 252 मतदान केन्द्रों के लिए कुल 18 राउंड में मतगणना सम्पन्न होगी।



### फसलों में आई रौनक गेहूं का रकबा हुआ आधा, चने के क्षेत्रफल में वृद्धि

# फसलों के लिए आसमान से बरसी अमृत की बूंदे





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

चार दिनों से मौसम में हुए बदलाव के बाद पानी गिरने से फसलों के लिए अमृत का काम भी हो गया पिछले कुछ दिनों से मौसम में परिवर्तन के बाद से ही हल्की बारिश का दौर जारी है जिस तरह की बारिश की आवश्यकता किसने की थी उस तरह की बारिश पहले नहीं हो रही थी आखिर चौथे दिन शहर के साथ कई ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी बारिश भी दर्ज हुई है। इस समय बरसात होने से किसानों की फसलों में फायदा भी नजर आने लगा है, एकदम से फसलों खेतों में लहराने लगी है। विकासखंड में सबसे कम बरसात होने के कारण क्षेत्र के किसान सूखे की मार क्षेत्र के किसान झेल रहे हैं । जिन किसानों के पास सिंचाई के लिए पानी नहीं है उनकी जमीन तो खाली ही पड़ी हुई है। इसी तरह एक बार और पानी गिरता है, तो उसे जमीन में भी फसल लगाने का काम किसान कर सकते हैं। जिन किसानों ने पहले बोनी कर दी उनकी फसलों के लिए या बरसात अमृत का काम भी कर रही है । बरसात होने के बाद किसान खेतों में यूरिया डालने का काम भी करेंगे इसके चलते यूरिया लेने के लिए गोदाम पर किसानों की भीड़ भी देखने को मिलेगी। सुबह की शुरुआत बारिश के साथ ही हुई दिनभर रुक रुक कर हल्की और तेज बरसात होने से जनजीवन की प्रभावित रहा अभी भी मौसम की तरह का बना हुआ है मौसम विभाग के द्वारा आने वाले दिनों में भी बरसात होने की संभावना जारी की है इस हिसाब से यदि बरसात आने वाले दिनों में होती है तो किसानों को पानी देने से मुक्ति मिल जाएगी साथ ही किसानों की लागत भी बचेगी अगला पानी देने में किसानों को समस्या भी उत्पन्न नहीं होगी अभी हालत यह है कि अधिकांश बोरो से पानी निकलना काम हो गया है ।

#### बरसात कम होने से गेहूं का रकवा हुआ आधा

बरसात के दिनों में पर्याप्त बरसात नहीं होने के कारण क्षेत्र के किसान सूखे की समस्या का सामना कर रहे हैं। इस वजह से किसानों ने कम पानी में आने वाली फसलों को लगाने का काम किया है । पिछले साल की तुलना में इस बार से गेहूं का रखवा आधा हो गया इस साल अभी तक 28500 हेक्टर में ही गेहूं लगाया गया जबकि पिछले साल 55000 से अधिक क्षेत्र में गेहूं लगाया गया था दूसरी ओर चना पिछले साल 13700 हेक्टर में था जो 18500 हेक्टर में हो गया मसूर पिछले साल 13000 क्षेत्र में थी जो इस वर्ष 18800 के करीब क्षेत्र में लग गई है सरसों का रकवा 8800 था जो 5100 पर सिमट गया है। इसके पीछे किसानों का कहना है कि गेहूं की फसल को पानी की आवश्यकता ज्यादा होती है पानी कम करने के कारण केथन डेम भी खाली पड़ा है। नहर भी नहीं चल रही है आसपास के किसानों तो ज्यादा मात्रा में गेहूं की फसल ही लगते थे। उनको फसल लगाने के लाले भी पड़ गए हैं। इस कारण गेहूं के रकबे में गिरावट दर्ज हुई है।

#### फसलों के लिए होगा अधिक फायदा

इस समय बरसात होने से फसलों के लिए ज्यादा फायदा होगा नुकसान की कोई संभावना नहीं है । कृषि विभाग अधिकारियों का कहना है कि अभी जो बरसात हुई है उसे फसलों में एकदम से चमक आएगी ग्रॉथ भी फसलों की बढ़ने लगेगी उत्पादन में भी वृद्धि होगी मौसम में भी ठंडक होने से फसलों को फायदा होता है ।इस समय बरसात तो फसलों के लिए अमृत का काम ही करेगी फासले पानी मांग रही थी बरसात कम होने के कारण कई किसान पानी के लिए परेशान हो रहे हैं उनको भी काफी हद तक रहता इस बरसात से हुई।

#### इनका कहना है -

*पानी फसलों के लिए अमृत के रूप में वर्षा है इससे फसलों में रौनक भी आएगी उत्पादन में भी वृद्धि होगी अभी बरसात हो गई है और 20 से 25 दिन बाद यदि फिर बरसात होती है किसानों को फायदा होगा।*

*वीरेंद्र मालवीय , कृषि विस्तार अधिकारी सिरोंज*

## चारो विधानसभा क्षेत्र में मतगणना के लिए 68 टेबलों पर कुल 202 कर्मचारियों की ड्यूटी

**सीहोर ।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के तहत जिले की चारो विधानसभा में हुए मतदान की मतगणना 3 दिसम्बर 2023 को होगी। मतगणना के लिए जिले की चारो विधानसभाओं में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है। बुधनी और आष्टा में मतगणना के लिए 17-17 टेबले लगाई जाएगी तथा इछावर और सीहोर में मतगणना के लिए 14-14 टेबलें लगाई जाएगी। इसके साथ ही पोस्टल बैलेट के लिए एक-एक टेबल अलग से लगाई जाएगी। चारो विधानसभाओं की मतगणना के लिए 62 टेबलों पर कुल 186 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इसके साथ ही चारो विधानसभा में पोस्टल बैलेट की गणना के लिए 4 टेबलो पर कुल 16 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इस दौरान 20 अधिकारी-कर्मचारी रिजर्व में रहेंगे।

## आज विश्व एड्स दिवस पर जिले में विभिन्न आयोजन

**सीहोर।** आज विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता संबंधी विविध आयोजन किए जाएंगे। जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ. जेडी कोरी ने जानकारी दी कि प्रातः 10.30 बजे जिला चिकित्सालय परिसर सीहोर से जनजागरूकता रैली आयोजित की जाएगी। जिसमें एएनएम प्रशिक्षण संस्थान सहित महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट के कैडेट रैली में हिस्सा लेंगे। कोतवाली चौराहा पर एड्स जागरूकता से संबंधित नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया जाएगा। एएनएम प्रशिक्षण कक्ष के सभाकक्ष में एड्स जागरूकता पर कार्यशाला सह सेमीनार का आयोजन किया गया है। जिसमें एड्स से बचाव एवं जानकारी के संबंध में विस्तार से चर्चा की जाएगी। डॉ.कोरी ने बताया कि 01 दिसंबर से 15 दिसंबर 2023 तक एड्स जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महाविद्यालय एवं स्कूल स्तरीय सहित श्रम बस्तियों में जागरूकता शिविर, जिला जेल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, मानव श्रृंखला रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

## मतगणना को लेकर दोनों दल सक्रिय, किसकी किस्मत मारेगी जोर, बराबर का है मुकाबला

### 3 दिसंबर को आएगा परिणाम

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद से ही मतदाताओं ने तो इस बार मौन साद लिया है । क्योंकि भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस की तरफ से अच्छे उम्मीदवार मैदान में होने के कारण मतदाता किसी से बुराई नहीं लेना चाहता है । इस बार किसके पक्ष में परिणाम आएगा उसको लेकर चर्चा जरूर नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही है। दोनों पार्टियों के नेता अपने-अपने प्रत्याशी की आपकी भविष्यवाणी कर रहा है। हार जीत पर दवा भी लग रहे हैं। जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है तो चिंताएं भी बढ़ती जा रही हैं। 3 दिसंबर को ही परिणाम सामने आएगा उसके बाद ही तस्वीर सामने हो पाएगी के किस को विधानसभा जाने का मौका मिलेगा इस बार मुकाबला कांटे का होने के कारण किसी के पक्ष में भी परिणाम जा सकता है । इस बात को लेकर भी चर्चा हो रही है दूसरी ओर एग्जिट पोल पर भी परिणाम जानने के लिए लोग 7 बजे के बाद टीवी के पास बैठे रहे वहां से भी सिरोंजी ने विधानसभा क्षेत्र को लेकर स्पष्ट स्थिति सामने नहीं आई इस वजह से सबकी धड़कन में बड़ी हुई है कि इस बार परिणाम किसके पक्ष में जाएगा कौन जीत सकता है कौन की हार होगी कोई कुछ स्पष्ट नहीं बता पा रहा है। पर जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है बैसे बैसे भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के उम्मीदवार कार्यकर्ता मतगणना की तैयारी जरूर जोर-जोर से जुड़े हुए हैं । भारतीय जनता पार्टी से उमाकांत शर्मा उम्मीदवार है तो कांग्रेस से गगनेंद्र रघुवंशी मैदान में है दोनों के बीच ही सीधा मुकाबला चुनाव में हुआ है । वही देखना है कि मतदाताओं का फैसला किसके पक्ष में गया है । इसका खुलासा 3 दिसंबर को ईवीएम गितनी होने के बाद परिणाम बाहर आने के बाद ही सामने आएगा जनता ने किसको अपना मत देकर विधानसभा भेजा है।

## शादी का कार्ड लगाने आए दो लोगों की दुर्घटना में हुई मौत

**सिरोंज।** पथरिया थाना अंतर्गत ग्राम शाहपुर पर मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों की मृत्यु हो गई है । सूचना के बाद दोनों व्यक्तियों को एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल लाया गया जहां पर इनको डॉक्टर ने जांच के उपरांत मृत्यु घोषित कर दिया पथरिया पुलिस ने बताया कि रेव पटेरा निवासी बृजभान दांगी शिवभन दांगी सिरोंज क्षेत्र में अपने रिश्तेदारों के यहां पर शादी का निमंत्रण देने के लिए जा रहे थे । तभी शहपुर के पास में साइकिल दुर्घटना का शिकार हो गई इसकी वजह से दोनों की मृत्यु हो गई है । पुलिस ने मार्ग कायम करके मामले को जांच में लिया है।

## जिला जेल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**सीहोर, दोपहर मेट्रो।**



प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री श्री सतीश चंद्र शर्मा के निर्देश पर जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री मुकेश कुमार दांगी ने जिला जेल का निरीक्षण किया एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया।

इस दौरान उन्होंने बंदियों से चर्चा की तथा उनके प्रकरण के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने बंदियों को सम्बंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए विधिक सहायता से अधिवक्ता नियुक्ति तथा अपील प्रस्तुति के सम्बंध में विस्तार से बताया। शिविर के दौरान शासन के निर्देश अनुसार शासकीय चिकित्सालय से आए डॉक्टर्स की टीम द्वारा बंदियो का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। सचिव श्री दांगी द्वारा सभी चिकित्सकों को स्वास्थ्य परीक्षण हेतु धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि बंदियों का स्वस्थ्य रहना आवश्यक है। कार्यकम में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीशान खान द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता योजना एवं लीगल एड डिफेंस काउसिल योजना के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक श्रीमती ज्योति तिवारी सहित शासकीय चिकित्सालय के चिकित्सक उपस्थित थे।

## नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों के निराकरण के लिए अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित



**सीहोर, दोपहर मेट्रो।**

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री सतीश चंद्र शर्मा के निर्देश पर नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण कराने के लिए अधिवक्ताओं की बैठक एवं विधिक साक्षरता कार्यक्रम एडीआर सेंटर भवन के सभागृह में आयोजित किया गया।बैठक में विशेष न्यायाधीश श्री सुरेश सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री मुकेश कुमार दांगी एवं प्रथम जिला न्यायाधीश श्री संजय कुमार शाही द्वारा 09 दिसम्बर 2023 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में रखे गये राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण के सम्बंध में प्रयास करने तथा अपेक्षित सहयोग प्रदान करने के सम्बंध में जिला मुख्यालय के समस्त अधिवक्ताओं से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्टेट श्रीमती अर्चना नायडू बोडे, मुख्यालय पर पदस्थ न्यायिक अधिकारी, अध्यक्ष अभिभाषक संघ श्री राधेश्याम यादव, सचिव श्री राजेश वर्मा, श्री जीशान खान विधिक सहायता अधिकारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स, क्लेम आवेदक, बीमा कम्पनी, अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

**मेट्रो एंकर** अधिकारियों की निष्क्रिय का खामियाजा आम आदमी को भुगतना पड़ रहा

# खाद्य अधिकारी की नाक के नीचे मिलावटी सामान विक्रय करने वालों की चांदी ही चांदी



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर में जिस तरह से खाद्य अधिकारी की नाक के नीचे कालाबाजारी और मिलावटी सामान सामान का विक्रय हो रहा है ऐसा नहीं है कि इस बात को कोई भी जिम्मेदार अधिकारी नहीं जानता है अफसोस इस बात का है कि सब कुछ जानते समझते हुए भी अधिकारियों की निष्क्रिय कार्यप्रणाली का खामियाजा आम आदमी को भुगतना पड़ रहा है, खाद्य अधिकारी के द्वारा सारे कार्य जैसे कि निरीक्षण करना आदि सब ऑफिस में बैठकर पूरे कर लिए जाते हैं। कभी किसी पेट्रोल पंप का निरीक्षण नहीं करती किसी खाद्य दुकान पर जाकर खाद्य सामान जांच नहीं करती मिष्ठान भंडारों होटलों पर कभी नहीं जाती, जबकि शहर में अनेकों होटलों पर घरेलू गैस का उपयोग किया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ गैस रिफिलिंग का कार्य भी धड़ल्ले से किया जा रहा है, जोकि इनको दिखाई नहीं देता है क्योंकि यह सब गांधी छाप चश्मे का कमाल है। जिसका फायदा उठा रहे नगर में मिलावटी सामान बेचने वाले लेकिन खाद्य अधिकारी ऐसा भूल जाती है कि यह पब्लिक है यह सब जानती है, पिछली दीपावली पर खाद्य अधिकारी की नाक के नीचे सरेआम मिलावटी मिठाई जमकर विक्रय की गई थी और आने वाले त्योहारों पर भी इस प्रकार की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता कि मिलावटी मिष्ठान नहीं बिकेगा।



# भारतीय टीम आज सीरीज अपने नाम करने उतरेगी, वर्ल्ड रिकार्ड भी बन सकेगा

**नईदिल्ली, एजेंसी। मेजबान भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी-20 सीरीज का चौथा मुकाबला आज रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच शाम 7 बजे से शुरू होगा। टॉस शाम 6.30 बजे होगा। भारत पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे है। इस मैच को जीतने पर भारतीय टीम सीरीज अपने नाम करने के अलावा एक वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बना लेगी। भारतीय टीम पाकिस्तान को पीछे छोड़कर सबसे ज्यादा टी-20 इंटरनेशल मैच जीतने वाली टीम बन जाएगी।**

भारत ने अब तक 211 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबलों में से 135 में जीत हासिल की है। उसे 66 में हार मिली है, 4 मैच टाई रहे हैं और 6 मैच बेनतीजा रहे। वहीं, पाकिस्तान ने 226 टी-20 इंटरनेशनल में से 135 जीते हैं। उसे 82 में हार मिली है और 3 मैच टाई रहे हैं। पाकिस्तान के 6 मैच बेनतीजा रहे हैं। एक और जीत के साथ भारतीय टीम पाकिस्तान से आगे निकल जाएगी। सूर्यकुमार यादव 2000 टी-20 इंटरनेशनल रन पूरा करने से केवल 21 रन दूर हैं। वो ऐसा करने वाले चौथे भारतीय होंगे।

### अब तक खेल चुके हैं 10 सीरीज

भारत ने 23 नवंबर को विशाखापट्टनम में खेले गए पहले मैच में मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया को दो विकेट और 26 नवंबर को दूसरे मैच में 44 रन से हराया। वहीं तीसरे मैच में टीम इंडिया को 5 विकेट से हार झेलनी पड़ी। मेजबान भारत और कंगारू टीम के बीच अब तक टी-20 फॉर्मेट में कुल 10 सीरीज खेली गई हैं। इसमें पांच भारत जीता और 2 में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली है। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार अपनी शादी की वजह से तीसरे मैच से छुट्टी ले लिए थे। जो इस मैच से पहले टीम से जुड़ गए हैं, और आज के मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। वहीं ऑस्ट्रेलिया के वनडे वर्ल्ड कप विजेता टीम के हिस्सा रहे स्टीव स्मिथ, ग्लेन मैक्सवेल, और शॉन एबट ऑस्ट्रेलिया लौट गए हैं।

### ■ गायकवाड ने भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाए

भारत के ओपनर ऋतुराज गायकवाड भारत की ओर से इस सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने सीरीज के शुरुआती तीन मैच में एक में शतक और एक में अर्धशतक जड़े हैं। वहीं टीम इंडिया के रेगुलर कप्तान रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में कप्तानी कर रहे सूर्यकुमार यादव ने सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। वो तीन मैचों में 138 रन बनाए हैं। इस साल टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में भी सूर्या टॉप पर हैं। वहीं गेंदबाजी में रवि बिश्नोई का परफॉर्मेंस शानदार रहा है।

### ■ इस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की ओर से टॉप विकेटटेकर एलिस

इस सीरीज में कंगारू टीम की ओर से टॉप रन स्कोरर जोस इंग्लिस हैं। उनके नाम तीन मैचों में एक शतक की मदद से 122 रन है। उन्होंने यह शतक सीरीज के पहले मैच में लगाया था। वहीं दूसरे नंबर पर ग्लेन मैक्सवेल और तीसरे पर स्टीव स्मिथ हैं, लेकिन ये तीनों खिला?ी ऑस्ट्रेलिया लौट जाने की वजह से अगले दोनों मैच में नहीं खेलेंगे। इस तरह टॉप रन स्कोरर इस मैच में कप्तानी कर रहे मैथ्यू वेड हैं। वहीं टॉप विकेटटेकर नाथन एलिस हैं। उनके नाम तीन मैचों में तीन विकेट है। रायपुर में शुक्रवार को मौसम साफ रहेगा। धुप खिली रहेगी और गर्मी भी रहेगी। बारिश की 4न्न आशंका है। इस दौरान हवा की रफ्तार 11 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी। तापमान 19 से 31 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। भारतीय टीम में सूर्यकुमार यादव (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड, ईशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा और आवेश खान।



### आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल बोले-

# इस बार आईपीएल मैच देश के बाहर नहीं होंगे

**धर्मशाला, एजेंसी**



आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने कहा कि आईपीएल की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। खिलाड़ियों की नीलामी का शेड्यूल दिसंबर का तय हो चुका है। क्रिकेट की पेशेवर टी-20 लीग आईपीएल के शेड्यूल को लेकर आईपीएल गवर्निंग असमंजस में है। देश में प्रस्तावित आम चुनाव इसकी वजह है। लोकसभा चुनाव के दौरान ही आईपीएल की अवधि पड़ रही है। बीसीसीआई को आम चुनाव की घोषणा का इंतजार है। इसी आधार पर आईपीएल का शेड्यूल तैयार किया जाएगा। हालांकि, आम चुनाव के बीच आईपीएल चुनौती से कम नहीं होगा। आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने देश में प्रस्तावित आम चुनाव से जुड़ीं मौजूदा परिस्थितियों को स्वीकार किया है। अरुण हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा के सिलसिले में धर्मशाला में थे। अमर उजाला से खास बातचीत में कहा कि आईपीएल की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। खिलाड़ियों की नीलामी का शेड्यूल दिसंबर का तय हो चुका है लेकिन, लीग मैचों के शेड्यूल के लिए निगाहें चुनाव आयोग पर टिकीं हैं। आम चुनाव के चलते आईपीएल को देश से बाहर ले जाने के सवाल पर उन्होंने दो टूक कहा कि अभी ऐसा कोई भी विचार नहीं है। उन्होंने कहा कि आईपीएल के लिए इस बार

### आईपीएल के अधिक मैच कराने के प्रयास

विश्व कप के बाद अब धर्मशाला में आईपीएल के अधिक से अधिक मैच करवाने के प्रयास रहेंगे। आईपीएल फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स के कुछ लीग मैच तो लगभग तय माने जा सकते हैं। इस बार कुछ अन्य फ्रेंचाइजी के के मैच भी धर्मशाला में करवाने के प्रयास रहेंगे। दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स ने धर्मशाला स्टेडियम को लेकर रुचि दिखाई है।

### आउटफील्ड की नहीं आएगी शिकायत

अरुण धूमल ने कहा कि धर्मशाला स्टेडियम अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरा साबित हो चुका है। विश्व कप मैचों में आउटफील्ड को लेकर मिली शिकायत मौसम जनित थी। सितंबर तक भारी बारिश के चलते आउटफील्ड की घास बदलने का मौका ही नहीं मिल पाया। लगातार बारिश से विंटर ग्रास में थोड़ी नमी और फंगस आ गई थी। इसे लेकर देश और विदेश के विशेषज्ञों से सलाह ली गई है।



## मेट्रो बाजार

# कनाडा के पब्लिशर्स के साथ रेवेन्यू शेयर करेगी गूगल

**मुंबई, एजेंसी**

टेक कंपनी गूगल अब कनाडा के पब्लिशर्स के साथ रेवेन्यू शेयर करेगी। कनाडाई सरकार और गूगल इसे लेकर एक समझौते पर पहुंच गए हैं। इसके तहत गूगल देशभर के न्यूज बिजनेस को हर साल 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर, यानी करीब 833 करोड़ रुपए की मदद करेगी। कनाडा के हेरिटेज मिनिस्टर पास्केल सेंट-ओंज ने इसे पत्रकारिता के लिए अच्छी खबर बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स की टाइम लाइन पर लिखा यह पत्रकारिता, गूगल और कनाडाई लोगों के लिए अच्छी खबर है। इसके साथ, हमने दिखाया है कि एक व्यावहारिक, न्यायसंगत और इंडिपेंडेंट न्यूज इको सिस्टम बनाना संभव है। जून में गूगल ने समाचारों को ब्लॉक करने की दी थी धमकी इससे पहले जून में नया बिल आने के बाद गूगल ने अपने प्लेटफॉर्म पर समाचारों को ब्लॉक करने की धमकी दी थी। गूगल और मेटा दोनों ने यह रुख अपनाया था कि मीडिया संगठनों को मुआवजा देने के बजाय, वे अपने प्लेटफार्म पर कनाडाई समाचारों को रोक देंगे। अब रेवेन्यू शेयर को लेकर समझौता हो गया है। पिछले साल कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया ने भी न्यूज कंटेंट से रिलेटेड रेवेन्यू शेयरिंग के नियमों में गड़बड़ी के चलते गूगल पर जांच के आदेश दिए थे। न्यूज ब्रॉडकास्टर्स एंड डिजिटल एसोसिएशन ने आरोप लगाए कि गूगल न्यूज कंटेंट प्रोवाइडर्स पर दबाव बनाता था। गूगल उनकी खबरों को अपने सर्च इंजन रिजल्ट पेज के टॉप पर रखने के नाम पर कम पैसे चुका कर अपने सर्च इंजन को ग्रो कर रहा था।





# मारुति सुजुकी सेलेरियो का नया एक्स्ट्रा एडिशन लॉन्च

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मारुति सुजुकी ने फेस्टिव सीजन के लिए इंडियन मार्केट में सेलेरियो का नया एक्स्ट्रा एडिशन लॉन्च किया है। कंपनी ने कार की कीमतों का खुलासा नहीं किया है। हालांकि, ऑल्टो और एस-प्रेसो के एक्स्ट्रा एडिशन की तरह सेलेरियो के रेगुलर वैरिएंट से 25 हजार रुपए ज्यादा कीमत चुकानी होगी। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 5.36 लाख रुपए से शुरू होती है, जो टॉप वैरिएंट में 7.14 लाख रुपए तक जाती है। कंपनी ने कार में सिर्फ कुछ कॉस्मेटिक चेंजेस किए हैं। एक्स्ट्रा एडिशन में नई एक्सेसरीज मिलेगी। इसमें व्हील आर्च क्लैडिंग, बॉडी साइड मोल्डिंग, डोर वाइजर गार्निश इंसर्ट, मल्टीमीडिया स्टीरियो सहित कई अपडेशन शामिल हैं। इसके अलावा इंटीरियर में स्टाइलिंग किट, 3डी मैट, बूट मैट, डोर सिल गार्ड, स्टीयरिंग कवर, नंबर प्लेट गार्निश जैसी एडिशनल चीजें मिलेंगी। नई सेलेरियो में फेज-2 नॉर्म्स के अनुसार अपडेटेड 1.0 लीटर का डुअलजेट थ्री-सिलेंडर पेट्रोल इंजन दिया गया है। इंजन को 5-स्पीड मैनुअल और गियरबॉक्स से जोड़ा है। ये स्टार्ट/स्टॉप सिस्टम के साथ आता है। कंपनी का दावा है कि कार का माइलेज देती है। सेलेरियो में एक्सटीरियर बॉडी प्रोफाइल के साथ नया रेडिएंट फ्रंट ग्रिल, शार्प हेडलाइट यूनिट और फॉग लाइट केसिंग मिलता है। ब्लैक एक्सेंट वाला फ्रंट बंपर भी नया है। इसमें 15-इंच के अलॉय व्हील नए डिजाइन के साथ दिए हैं। रियर में बॉडी कलर्ड रियर बंपर, फ्लुइड लुकिंग टेललाइट्स और एक कर्वी टेलगेट मिलता है। कार 6 कलर ऑप्शन के साथ अवेलेबल है। इसमें सॉलिड फायर रेड और स्पीडी ब्लू के साथ सिल्की सिल्वर, रेड और ब्लू शामिल हैं।



### शॉटगन निशानेबाजों की 66वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप में प्रतिस्पर्धा

# स्कीट निशानेबाज अनंतजीत और गनेमत ने जीता पहला राष्ट्रीय खिताब



**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत की वर्तमान में नंबर एक महिला स्कीट निशानेबाज गनेमत सेखों और नंबर एक पुरुष स्कीट निशानेबाज अनंतजीत सिंह नारूका ने अपना पहला व्यक्तिगत सीनियर राष्ट्रीय खिताब जीता। शॉटगन निशानेबाजों की 66वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप में प्रतिस्पर्धा कर रही पंजाब की गनेमत और राजस्थान के अनंतजीत ने विपरीत अंदाज में जीत हासिल की। गनेमत ने क्वालीफिकेशन में 116 अंक बनाये थे और उन्हें चार अंतिम क्वालीफाइंग स्थान के लिए पांच निशानेबाजों के शूटऑफ से गुजरना पड़ा। इसके बाद उन्होंने 60 शॉट के फाइनल में 56 निशाने लगाये। क्वालीफायर में शीर्ष पर रही जहरा दीसावाला 55 हिट से दूसरे और संजना सूद 44 हिट से तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों की स्कीट स्पर्धा में अनंतजीत ने शुरू से ही दबदबा बनाते हुए जीत हासिल की। वह क्वालीफायर में भी शीर्ष पर रहे जिसमें उन्होंने 125 में से 123 अंक जुटाये। फिर छह पुरुष निशानेबाजों के फाइनल में उन्होंने 60 में से 58 हिट लगाये। मुनेक बातुला 55 अंक से दूसरे और भावतेग गिल 45 अंक से तीसरे स्थान पर रहे।साल के शुरू में गनेमत ने आईएसएसएफ विश्व कप में एक स्वर्ण और एक रजत सहित दो पदक जीते थे जबकि अनंतजीत ने हांगझोउ एशियाई खेलों में पुरुष स्कीट स्पर्धा का रजत पदक अपने नाम किया था।

### वालेंशिया में पांच देशों के हॉकी टूर्नामेंट होंगे

# भारत की कप्तानी संभालेंगे फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह

**बेंगलुरु, एजेंसी**

अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह 15 से 22 दिसंबर तक स्पेन के वालेंशिया में होने वाले पांच देशों के टूर्नामेंट में भारत की 24 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगे। यह टूर्नामेंट 2023 . 24 हॉकी प्रो लीग सत्र की तैयारी के लिये अहम होगा । इसमें भारत का सामना स्पेन, जर्मनी, फ्रांस व बेल्जियम से होगा। गोलकीपिंग में पी आर श्रीजेश और कृशन बी पाठक के साथ सूरज करकेरा भी होंगे । डिफेंस की कमान हरमनप्रीत, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, रोहिदास, वरूण कुमार, सुमित , संजय और नीलम संजीप सेस के हाथ में होगी । मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि इस टूर्नामेंट से युवाओं को दुनिया की शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने का दबाव अनुभव करने का मौका मिलेगा । उन्होंने कहा हमारे पास युवा और अनुभवी खिलाड़ियों सहित संतुलित टीम है । टूर्नामेंट में हमें विभिन्न चीजें आजमाने का मौका मिलेगा । इसके साथ ही युवा खिलाड़ियों को दुनिया की श्रेष्ठ टीमों के खिलाफ खेलने का दबाव अनुभव करने का मौका भी मिलेगा। उन्होंने कहा पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले अगले चार महीने काफी अहम हैं और हमें कदम दर कदम आगे बढ़ना होगा ।



### डिप्पी मोनिका टोप्पो ने 21वें मिनट में गोल दागे

# जूनियर महिला हॉकी में भारत का जीत के साथ आगाज

**सैंटियागो, एजेंसी**

भारतीय टीम ने एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप में कनाडा को 12 . 0 से हराकर शानदार शुरूआत की । भारत के लिये मुमताज खान ने चार ( 26वां, 41वां, 54वां और 60वां ) , अन्नु ( चौथा, छठा, 39वां मिनट ) और दीपिका सोरेंग ( 34वां, 50वां और 54वां ) ने तीन तीन गोल किये । डिप्पी मोनिका टोप्पो ने 21वें मिनट में और नीलम ने 45वें मिनट में गोल दागे । भारत ने आक्रामक शुरूआत की और जल्दी ही अन्नु ने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागकर बढत दिला दी । दो गोल करने के बावजूद भारत ने आक्रामक खेल जारी रखा और पहले क्वार्टर तक बढत 2 . 0 की बनी रही । दूसरे क्वार्टर में भी भारत का दबदबा रहा । डिप्पी और मुमताज ने इसका फायदा उठाकर एक एक फील्ड गोल दाग दिया । इस बीच कनाडा को मिला पेनल्टी कॉर्नर बेकार गया । हाफटाइम तक भारत के पास चार गोल की बढ़त थी । दूसरे हाफ में दीपिका ने पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किया जिसके बाद अन्नु ने भी हैट्रिक पूरी की । मुमताज ने अपना दूसरा गोल भी दागा । वहीं नीलम ने पेनल्टी को गोल में बदलकर भारत की बढ़त 8.0 की कर दी ।



**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# स्विमसूट पहनने वाली पहली मणिपुरी लड़की थीं लिन लैशराम

बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा ने एक्ट्रेस और मॉडल लिन लैशराम से शादी कर ली है। दोनों ने मणिपुर के मैतई रीति-रिवाजों से शादी की। दोनों पिछले 3 सालों से रिलेशनशिप में हैं और दोनों की उम्र में 10 सालों का फासला है। जहां रणदीप 47 साल के हैं वहीं उनकी गर्लफ्रेंड लिन महज 37 साल की हैं। लिन ओम शांति ओम, मैरी कॉम जैसी फिल्मों का हिस्सा रही हैं, हालांकि उनका शुरुआती सफर बेहद विवादों से घिरा रहा था। कुछ समय पहले लिन ने दैनिक भास्कर को दिए इंटरव्यू में अपने करियर और आतंकवादी संगठनों से मिली धमकियों पर खुलकर बात की थी। मणिपुर के इंफाल में जन्मीं लिन लैशराम के पिता बैंकर और मां नर्स हैं। जब लिन छोटी थीं तब ही मणिपुर में अफ्सपा एक्ट लग गया। इसमें कई लोगों की जान गई। जब मणिपुरी भाषा को मान्यता देने से इनकार कर दिया। इससे मणिपुर के लोग हिंदी से नफरत करने लगे थे। जब लिन स्कूल में थीं तो दंगा करने वाले लोग उनकी हिंदी भाषा की किताबें जला दिया करते थे।



लगातार फ्लाप होती फिल्मों पर चर्चा

# सलमान बोले- अब टिकट का प्राइज कम नहीं रखेंगे



सलमान खान ने हाल ही में यह खुलासा किया कि इसी साल रिलीज हुई उनकी फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' के फ्लॉप होने का कारण आखिर क्या था। उन्होंने फिल्म न चलने का कारण टिकट का प्राइस बताया। सलमान ने कहा कि फिल्म की टिकट प्राइस काफी कम रखी गई थी। 'किसी का भाई किसी की जान' और 'अंतिम' की टिकट का रेट 250 से ज्यादा नहीं थी। जबकि हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'टाइगर-3' की टिकट 600, 1000 रुपये तक थी। इसके अलावा 2021 में रिलीज हुई फिल्म 'अंतिम' के फ्लॉप होने का मेन कारण कोविड भी था। दरअसल 2021 में कोविड से बॉलीवुड इंडस्ट्री पर भी काफी असर पड़ा था। कोविड के भय से लोगों ने बाहर निकलना और फिल्में देखना काफी कम कर दिया था। उन्होंने 'अंतिम' के फ्लॉप होने का मेन कारण यही बताया। इतना ही नहीं उनका मानना है कि अगर वो फिल्में अब रिलीज की जाती तो वो हिट हो सकती थीं। उन्होंने कहा कि एक तो हम अच्छा कर रहे हैं और हमारे ही नंबर कम आ रहे हैं। लेकिन कम से कम इससे दर्शकों के पैसे बच रहे हैं।

# रणबीर बोले- 'मैं सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टिव नहीं हूं...



'एनिमल' फेम डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा की पहली फिल्म 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'अर्जुन रेड्डी' थी। इस फिल्म से एक्ट्रेस शालिनी पांडे ने एक्टिंग डेब्यू किया था। एक इंटरव्यू में फिल्म को मिले क्रिटिसिज्म पर शालिनी ने कहा कि 6 साल पहले जब उन्होंने 'अर्जुन रेड्डी' साइन की थी तब वो बहुत ही यंग और भोली-भाली थीं। बता दें कि 'अर्जुन रेड्डी' वही तेलुगु फिल्म है जिसकी हिंदी रीमेक शाहिद कपूर स्टारर 'कबीर सिंह' थी।

### मेरी इमेज मीडिया ने ही बनाई है

अब रणबीर ने इस मामले पर पहली बार अपनी राय रखी है। फैंस के साथ हुए एक लाइव इंट्रैक्शन में रणबीर ने सोशल मीडिया पर निगेटिविटी फेस करने पर बात की। उन्होंने कहा, 'मैं सोशल मीडिया पर उतना एक्टिव नहीं हूं तो मुझे इन सब चीजों का सामना करने की जरूरत नहीं पड़ती। पर मैं महसूस करता हूं कि निगेटिविटी बहुत जरूरी है, खासतौर पर तब जब आप एक आर्टिस्ट हो। आपकी लाइफ में हर चीज होनी चाहिए ताकि बैलेंस बना रहे।' रणबीर ने आगे कहा, 'आप जानते हैं कि एक एक्टर होने के चलते आपके बारे में बहुत सारी बातें लिखी जाती हैं। बहुत सारी राय बनाई जाती हैं जो जरूरी नहीं कि सच हों। हालांकि, अगर आप इसे जरा सा भी सच मानते हैं तो वो मैं नहीं हूं। दरअसल, यह मेरी वो इमेज है जो मेरे किरदारों या फिल्मों या फिर मीडिया द्वारा बनाई गई है।'रणबीर ने आगे समझाया, 'यह इमेज पब्लिक ने बनाई है। उन लोगों ने जो मेरे काम को पसंद करते हैं या मेरे काम को नापसंद करते हैं और उन्हें मेरे बारे में कुछ भी कहने की अनुमति है जब तक वे मेरे काम को मौका देते हैं। मैं भी उन्हें एक एक्टर के तौर पर ही साबित कर सकता हूं और मेरा फोकस हमेशा वहीं रहता है।' वहीं आलिया ने कहा था, 'रणबीर को मेरा लिपस्टिक लगाना पसंद नहीं है। जब वो मेरे पति नहीं सिर्फ बॉयफ्रेंड ही थे तब भी वो इसे पोंछने के लिए कहते रहते थे, क्योंकि उन्हें मेरे लिप्स का नेचुरल कलर पसंद है।'

# वीआईपी रोड से तालाब में लगाई युवक ने छलांग, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

तलैया थाना क्षेत्र स्थित वीआईपी रोड पर शीतला माता मंदिर के पास गुरुवार सुबह एक युवक ने बड़े तालाब में छलांग लगा दी। गोताखोरों ने उसका शव पानी से बाहर निकाल लिया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार गुरुवार सुबह करीब दस शीतला माता मंदिर के पास वीआईपी रोड पर एक युवक बैठा था और सिगरेट पीते-पीते रो रहा था। वहां मौजूद लोगों ने उससे रोने का कारण पूछा तो वह गुमसुम बैठा रहा। लोग यहां वहां हुए और इसी बीच अचानक उसने बड़े तालाब में छलांग लगा दी। लोगों ने फौरन वीआईपी रोड पर मौजूद गोताखोरों व पुलिस को सूचना दी। गोताखोरों ने तालाब में कूदकर युवक को बाहर निकाला, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल के आधार पर बात की तो उसकी पहचान मिलन सलूजा पुत्र गुरुमुख सलूजा (30) निवासी ई-7, अरेरा कॉलोनी के रूप में हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के माता-पिता नहीं है। भाई और बहन अरेरा कॉलोनी में रहते थे। मिलन कोई काम नहीं करता था। अनुमान है कि प्रेम प्रसंग में असफल होने पर उसने यह कदम उठाया है।



फाइल फोटो

# अलंकार लॉज के कमरे में मिला युवक का शव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित अलंकार लॉज में गुरुवार सुबह एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। युवक हलवाई का काम करता था और करीब तीन महीने से किराये का कमरा लेकर रहता था। पुलिस ने युवक का शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि उसे हार्ट अटैक आया है। एएसआई मोहन सिंह ने बताया कि 26 साल का विवेक जैन मूलत~विदिशा का रहने वाला था। वह जुमेराती के पास स्थित अलंकार लॉज में किराए का कमरा लेकर रह रहा था। करीब तीन महीने से वह यहां रह रहा था और हलवाई का काम करता था। लॉज के मैनेजर ने बताया कि वह प्रतिदिन सुबह जल्दी उठ जाता था। गुरुवार सुबह वह कमरे से बाहर नहीं निकला। रात से भी वह नजर नहीं आया था। मैनेजर गेंदालाल सिंह ने दूसरी चाबी से कमरा खुलवाया तो पता चला कि विवेक पलंग के पास फर्श पर नीचे पड़ा हुआ है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। जब पुलिस पहुंची तो उसकी मौत हो चुकी थी। अनुमान है कि विदिशा में रहने वाले उसके भाई का बुधवार को उसके भाई का विदिशा में एक्सीडेंट हुआ था। वह एक्सीडेंट की खबर के बाद से ही सदमें था और उसे हार्ट अटैक आ गया।

### देर रात की घटना, दो युवकों की मौत तीन गंभीर, जय प्रकाश अस्पताल से कुछ दूरी पर हुआ हादसा

# लिंक रोड पर भीषण हादसा, क्रेटा कार पलटकर डिवाइडर पर चढ़ी, दो की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित लिंक रोड नंबर 1 पर बीती रात भीषण हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि कार में सवार तीन अन्य लोग घायल हुए हैं। हादसा रात करीब ढाई बजे के आसपास का है। सुबह 11 बजे तक पुलिस कार्रवाई की बात कहती रही और एमपी नगर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह गुर्जर कहते रहें कि वे घर में पूजा कर रहे हैं। उन्हें यह जानकारी नहीं है कि मरने वाले कौन हैं और कहां के रहने वाले हैं। इधर थाने में हवलदार ने भी थाने का लेंडलाइन बंद कर लिया।**

हालांकि सूत्रों से पता चला कि हादसा ढाई बजे के आसपास हुआ था और हादसे के समय क्रेटा कार में पांच लोग थे। इसमें सभी युवा थे। हादसे के समय क्रेटा कार काफी रफ्तार में?थी। कार ने दो बार बार पलटी खाई?और साइड में बने फुटपाथ पर चढ़ गई।

जानकारी के अनुसार रीदम गुप्ता (24) और अभिराज गुप्ता (24) खिरकिया गांव, जिला हरदा के रहने वाले?थे। वे अपने तीन साथियों में रोहित मुकाती, अभिषेक ठाकुर और छोटू के साथ भोपाल आए थे। बीती रात सभी लोग पार्टी करने के बाद क्रेटा कार से न्यू मार्केट की तरफ जा रहे थे। इस दौरान उनकी कार काफी रफ्तार में थी और सड़क के बीच बने डिवाइड से टकरा गई। हादसे के समय कार काफी रफ्तार में थी और दो बार पलटी खाने के बाद कार सड़क किनारे बने फुटपाथ तक पहुंच गई। देर रात हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कार से सभी घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। वहां अभिराज और रीदम कें डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि रोहित मुकाती की हालात नाजुक बनी है। छोटी को मामूली चोट थी और अस्पताल से उसकी छुट्टी कर दी गई। हादसे में घायल अभिषेक ठाकुर की हालत भी गंभीर बताई?जा रही है।



भोपाल के लिंक रोड नंबर एक पर कार एक्सीडेंट हुआ।

### एयबेग खुलने के बाद भी हुई मौत

हादसे के बाद कार के एयरबैग खुल गए थे। बावजूद इसके दो लोगों की मौत हुई?है। कार की स्थिति देखकर अनुमान लगाया जा सकता है कि हादसा ओवरस्पीड के कारण हुआ है। अनुमान है कि ओवर स्पीड होने के कारण ब्रेकर समझ नहीं आया है और ब्रेकर से कार अनियंत्रित होकर सड़क के बीच बने डिवाइडर में जा घुसी।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित एन टी सेक्टर में बीती रात महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग?कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज महिला का पीएम कराने के बाद शव परिजन को सौंपा जाएगा।



एएसआई अरविंद कौरव ने बताया कि रजनी चौहान पति स्वर्गीय राकेश चौहान (48) भेल क्वार्टर एनटू सेक्टर में रहती थी और एम्स में आउटसोर्स पर साफ सफाई का काम करती थी। उनके पति की वर्ष 2006 में मौत हो चुकी है। रजनी के दो बेटे हैं और दोनों की शादी हो चुकी है और वह अलग रहते हैं। रजनी यहां अकेली रह रही थी। कुछ दिन पहले उनकी रिश्तेदार मौसी आई?हुई है। गुरुवार रात करीब साढ़े 8 बजे के आसपास रहनी ने अपने कमरे में फांसी लगा ली थी। मौसी ने रजनी के बेटे आशीष को बताया कि रजनी कमरे का दरवाजा नहीं खोल रही है। आशीष मौके पर पहुंचा और किसी तरह दरवाजा तोड़ा गया। इस दौरान रजनी का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन से प्राथमिक पूछताछ में आत्महत्या की वजह साफ नहीं हुई है।

### रेल्वे अस्पताल की छत ...





भोपाल के रेल्वे अस्पताल की छत गिरे दस दिन से ज्यादा हो गये हैं। अब तक न तो इसकी मरम्मत की गई है और न ही दोषी निर्माण कंपनी पर कार्रवाई हुई है। नवनिर्मित छत का हिस्सा दावा काउंटर के पास गिरी था,उस वक्त काफी मरीज यहां मौजूद थे।

### विश्व एड्स दिवस




भोपाल। रविंद्र भवन से विश्व एड्स दिवस पर रैली निकाली गई।

# मंत्रालय में हुआ वंदे-मातरम गायन

**भोपाल ।** राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान 'जन गण मन' का सामूहिक गायन आज वर्षा होने के कारण मंत्रालय वल्लभ भवन क्र.1 के कक्ष क्रं. 506 में हुआ। वंदे-मातरम गायन में अपर मुख्य सचिव श्री विनोद कुमार, श्री एस.एन.मिश्रा, श्री अशोक वर्णवाल, प्रमुख सचिव श्री राघवेन्द्र सिंह, श्री सुखवीर सिंह एवं मंत्रालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।








**मेट्रो एंकर** संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन की टीम ने ननि के कचरा कलेक्शन वाहनों का लिया जायजा

# सीएनजी कचरा वाहनों का फीडबैक लेने डोर-टू-डोर पहुंची यूनिडो की टीम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (यूनिडो) की टीम ने नगर निगम के कचरा कलेक्शन वाहनों के साथ डोर-टू-डोर फीडबैक लिया है। इस दौरान रहवासियों से पूछा गया कि सीएनजी वाहन आते हैं कि नहीं? इससे कालोनियों में ईंधन से होने वाले प्रदूषण में कमी आई क्या? इसके साथ ही यूनिडो की टीम आदमपुर छावनी स्थित लैंडफिल साइट व गोविंदपुरा कचरा ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण भी किया।**



दरअसल यूनिडो ने नगर निगम को 250 सीएनजी कचरा वाहनों को खरीदने के लिए 10 करोड़ रुपये दिए हैं। निगम ने यूनिडो की सहायता से 100 सीएनजी वाहन खरीद लिए हैं। जबकि 125 वाहन भी जल्द आने वाले हैं। इन वाहनों से डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन किया जा रहा है। इससे रहवासी कालोनियों में प्रदूषण की कमी आई है। वहीं, ईंधन के रूप में होने वाले खर्च से भी निगम को राहत मिल गई है। सीएनजी वाहनों का सही ढंग से उपयोग हो रहा है या नहीं? इसका फीडबैक लेने यूनिडो की टीम राजधानी पहुंची है। यूनिडो के सदस्य नगर निगम की डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की टीम के साथ भेल की कालोनियों में पहुंची तथा कचरा वाहन पर तैनात अमले व अन्य सफाई मित्रों से चर्चा की। यू4निडो की टीम ने गोविन्दपुरा स्थित कचरा ट्रांसफर स्टेशन देखा। यहां मौजूद कर्मचारियों से कचरे के निष्पादन और कचरे को काम्पेक्ट कर आदमपुर छावनी भेजने की प्रक्रिया की जानकारी ली।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022